


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 08 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-101 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 09 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



संवाद आर.ओ.44449/97









## भाजपा की पाठशाला : लोक व्यव्हार को लेकर शिवराज ने सिखाए गुर

**मैनपाट,8 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारतीय जनता पार्टी के सरगुजा के मैनपाट में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के कार्यक्रम में शामिल होने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंच गए हैं। सरगुजा के मां महामाया एयरपोर्ट पर गृह मंत्री विजय शर्मा सहित कई भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

आयोजन स्थल पर पहुंचकर शिवराज सिंह चौहान ने मौलश्री का और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने रुद्राक्ष का पौधा रोपा. शिवराज सिंह चौहान इस प्रशिक्षण शिविर में लोक व्यव्हार और समय प्रबंधन को लेकर चर्चा करेंगे. गौरतलब है कि ये तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हुआ है. पहले दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अनुशासन और बूथ प्रबंधन समेत कई तरह के गुर सिखाए. इस शिविर में भाजपा के सभी विधायक, मंत्री और सांसद शामिल हो रहे हैं. इधर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का सरगुजा दौरा रद्द हो गया है। बुधवार को बीजेपी के प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में शामिल होना था ।

### योग के साथ खेलों का लुत्फ

बीजेपी की तीन दिवसीय प्रशिक्षण पाठशाला में नेताओं का अलग ही रूप देखने को मिला। राजनीतिक चर्चाओं के बीच यहां सांसदों, विधायकों और मंत्रियों ने योग से दिन की शुरुआत की। ठंडी वादियों में प्राणायाम और सूर्य नमस्कार करते नजर आए. योगाभ्यास के बाद कुछ नेता खेलकूद में भी नजर आए। खाली समय में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधायक अनुज शर्मा, भावना बोहरा और गोमती साय सांप-सीढ़ी खेलते दिखे। खेल के दौरान ठहाके और हल्की-फुल्की नोंकझोंक ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। बीती रात नेताओं ने मैनपाट के स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। शिविर में जहां संगठन की रणनीति पर मंथन हो रहा है, वहीं योग, ध्यान और खेल के जरिए आत्मचिंतन और ऊर्जा संचार का भी प्रयास किया जा रहा है।





## तेजस एमके-1ए में लगेगी स्वदेशी मिसाइल , अगस्त में ट्रायल

**नई दिल्ली,8 जुलाई।** भारत की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है. अगस्त 2025 में हाल तेजस एमके-1ए विमान से अस्त्र एमके-1 बियॉन्ड विज़ुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल का पहला लाइव फायरिंग टेस्ट करने जा रहा है. यह परीक्षण भारत के लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगा. तेजस एमके-1एभारत का स्वदेशी 4.5 पीढ़ी का मल्टी-रोल लड़ाकू विमान है, जिसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने डिज़ाइन किया और HAL ने बनाया है. यह तेजस एमके-1 का उन्नत संस्करण है, जिसमें 40 से अधिक सुधार किए गए हैं. यह विमान पुराने मिग-21, मिग-23 और मिग-27 जैसे विमानों को बदलने के लिए बनाया गया है. यह हल्का, तेज़ और बहु-उद्देश्यीय विमान है, जो हवाई युद्ध और ज़मीनी हमलों में सक्षम है.

### 25 करोड़ कर्मचारी कल हड़ताल पर

**नई दिल्ली,8 जुलाई।** बंद का मकसद केंद्र सरकार की उन नीतियों का विरोध करना है, जिन्हें यूनियनें मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉरपोरेट समर्थक मानती हैं।

## नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया

**वाशिंगटन,9 जुलाई।** बेंजामिन नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रम्प से कहा कि वह उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे। दोनों नेताओं ने इजरायल और ईरान के बीच छिड़े वॉर और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी अटैक के बाद पहली बार मुलाकात की है ट्रम्प से उम्मीद की जा रही थी कि वह नेतन्याहू पर गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल के 21 महीने पुराने युद्ध में संघर्ष विराम के लिए सहमत होने का दबाव डालेंगे, इस हमले की मानवीय लागत पर आक्रोश के बीच जिसमें लगभग 60,000 मौतें हुई हैं, जिनमें से अधिकांश फिलिस्तीनी हैं। नेतन्याहू ने नोबेल समिति को सौंपे जाने वाला नामांकन पत्र ट्रंप को देते हुए कहा हम जब बात कर रहे हैं, तो वह (ट्रंप) एक के बाद एक देश और क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया जब इजराइली नेता नेतन्याहू, ट्रंप और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों पर ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने का वर्षों से दबाव डालते रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिकी सेना को तीन प्रमुख ईरानी परमाणु स्थलों पर बम गिराने और टॉमहॉक मिसाइल की बौछार करने का आदेश दिया था। नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की इस साल तीसरी यात्रा है। दोनों नेताओं ने आशा व्यक्त की कि ईरान में उनकी सफलता पश्चिम एशिया में एक नए युग की शुरुआत करेगी। ट्रंप ने कहा ति मुझे लगता है कि पश्चिम एशिया में चीजें बहुत हद तक सुलझ जाएंगी। उन्होंने कहा कि ईरान उसके परमारणु कार्यक्रम को लेकर वार्ता फिर से शुरू करना चाहता है लेकिन ईरान ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रंप के साथ मौजूद पश्चिम एशिया मामलों के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि ईरान के साथ बैठक संभवतः एक सप्ताह में होगी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा था कि अमेरिकी हवाई हमलों से उनके देश की परमाणु सुविधाओं को इतना अधिक नुकसान पहुंचा है कि ईरानी अधिकारी विनाश की समीक्षा अभी तक कर रहे हैं। कैबिनेट रूम में हुई इस बंद कमरे की मुलाकात के बाद एक औपचारिक लंच का भी आयोजन किया गया। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने न केवल पाकिस्तानी आर्मी चीफ की तारीफ की बल्कि ये तक कह दिया कि उनसे मिलकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।



## एएआईबी ने सरकार को सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली,8 जुलाई।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रही टीम ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के जांचकर्ता इस दुर्घटना के बारे में किस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 260 लोगों की मौत हो गई। 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान मेघानीनगर इलाके में एक छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य जमीन पर थे। एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) सुरक्षित रूप से बरामद किया गया था, और 25 जून, 2025 को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया और इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया। सूत्रों ने एएनआई को बताया कि डेटा की सफल रिकवरी को सत्यापित करने के लिए एक डुप्लिकेट ब्लैक बॉक्स- जिसे "गोल्डन चेसिस" के रूप में जाना जाता है- का उपयोग किया गया था। एक ब्लैक बॉक्स 13 जून को दुर्घटना स्थल पर एक इमारत की छत पर पाया गया था और दूसरा 16 जून को मलबे से बरामद किया गया था। जांच का नेतृत्व एएआईबी के अधिकारी कर रहे हैं और इसमें भारतीय वायु सेना, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं, जो उस देश का प्रतिनिधित्व करता है जहां विमान को डिजाइन और निर्मित किया गया था। जांच की निगरानी एएआईबी के महानिदेशक कर रहे हैं। जांच दल में एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ और एक एयर ट्रैफिक कंट्रोल अधिकारी भी शामिल हैं।






## इंदौर-रायपुर इंडिगो फ्लाइट की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**इंदौर,8 जुलाई।** इंडिगो की इंदौर रायपुर नियमित विमान को इमरजेंसी लैंडिंग लेनी पड़ी। सुबह 6.30 बजे इंदौर से उड़ान भरने के बाद रायपुर के रास्ते आधे घंटे बाद विमान को वापस लौटना पड़ा। विमान में तकनीकी खराबी का अलार्म मिलने के बाद पायलट ने इंदौर में लैंडिंग का फैसला तत्काल किया। 7.30 बजे विमान सुरक्षित इंदौर में उतरा जहां उसकी तकनीकी जांच चल रही है। विमान समेत सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि विमान से उतारे जाने के बाद यात्री काफी घबराए हुए थे।

## बलरामपुर के उतरौला में चला योगी सरकार का बुलडोजर

**लखनऊ।** धर्म परिवर्तन गिरोह के मुख्य व्यक्ति छांगुर बाबा की गिरफ़्तारी के बाद उत्तर प्रदेश प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उसकी संपत्तियों पर कार्रवाई की और उसे ध्वस्त कर दिया। छांगुर बाबा, जिसका असली नाम जलालुद्दीन है, को पिछले शनिवार को उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ़्तार किया था। उसके खिलाफ़ गैर-ज़मानती वारंट जारी होने के बाद उसकी गिरफ़्तारी हुई और पुलिस ने उसकी गिरफ़्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को 50,000 रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। धर्मांतरण गिरोह के कथित सरगना छांगुर बाबा की संपत्ति ध्वस्त करने पर एसपी विकास कुमार ने कहा कि छांगुर बाबा द्वारा सरकारी जमीन पर बनाई गई इस इमारत को ध्वस्त किया जा रहा है। यहां पुलिस और पीएसी तैनात है। बलरामपुर के डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है।' उतरौला क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह कार्रवाई कानूनी प्रावधानों के तहत की गई है और अब इन संपत्तियों की जांच अवैध उपयोग या अधिग्रहण के लिए की जा रही है। यह कार्रवाई राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा कथित धर्मांतरण रैकेट को लक्षित करने के लिए की गई कई कार्रवाइयों के बाद की गई है। इस मामले ने ऐसी गतिविधियों को लेकर नई चिंताएँ पैदा की हैं और राज्य सरकार को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी थी। योगी ने एक्स पर लिखा कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी.



## रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही स्कूल वैन को ट्रेन ने मारी टक्कर, तीन बच्चों की मौत

**चेन्नई,8 जुलाई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। चेम्मनकुप्पम के पास एक रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही स्कूल वैन को ट्रेन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वैन करीब 50 मीटर तक घसीटती गई। वैन चालक ने ट्रैक पार करते समय यह नहीं देखा कि ट्रेन आ रही है। इस दौरान चिदंबरम जा रही एक यात्री रेलगाड़ी वैन से टकरा गई। लोगों ने बताया कि दुर्घटना के समय वैन में स्कूली बच्चे और ड्राइवर सवार थे। ट्रेन की टक्कर लगते ही मौके पर



में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि स्कूल वैन चालक समेत 10 बच्चे घायल हो गए। रेलवे ने सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के लिए गेटकीपर को निलंबित कर दिया। साथ ही मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये मुआवजा देने का एलान किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने छात्रों की मौत पर दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के माता-पिता को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। चेम्मनकुप्पम के पास एक स्कूल वैन रेलवे पटरी पार करने का प्रयास कर रही थी।



चीख पुकार मचने लगी। टक्कर की आवाज सुनकर लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बच्चों को बचाने की कोशिश की। स्थानीय निवासियों और रेलवे अधिकारियों के मुताबिक हादसा स्कूल वैन चालक की कथित लापरवाही के कारण हुआ। मामले की जांच रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जेलों में कट्टरपंथियों को पनपने से रोकने के लिए शाह ने उठाए सख्त कदम

**नई दिल्ली,8 जुलाई।** इस तरह के वाकये पूरी दुनिया में देखने को मिल रहे हैं कि जेलों में बंद कट्टरपंथी दूसरे कैदियों का भी ब्रेन वॉश करके उन्हें गलत राह पर धकेल देते हैं। देखा जाये तो जेलों में कैदियों को कट्टरपंथी बनाये जाने की घटनाएं अब गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। यह प्रवृत्ति आंतरिक सुरक्षा के लिए तेजी से बड़ा खतरा बन रही है इसलिए संकट की गंभीरता को समझते हुए भारत सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस दिशा में तुरंत प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को जारी एक परामर्श में कहा गया है कि कारागारों में बंद कमजोर मानसिकता वाले व्यक्तियों में उग्र विचारधारा के प्रसार को रोकना तथा ऐसे कैदियों को मुख्यधारा में लौटाने के लिए 'डि-रेडिकलाइजेशन' की प्रक्रिया अपनाना अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी है, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। देखा जाये तो कारागार एक सीमित व नियंत्रित वातावरण होता है जहाँ सामाजिक अलगाव, समूह मनोवृत्ति तथा निगरानी की सीमितता जैसी परिस्थितियाँ अतिवादी विचारों के पनपने के लिए उपजाऊ भूमि बन जाती हैं। कई बंदी, जो पहले से ही हताशा, समाज से कटाव या हिंसात्मक प्रवृत्तियों से ग्रस्त होते हैं, ऐसे माहौल में उग्रपंथी विचारधाराओं के प्रभाव में आ जाते हैं। इसलिए गृह मंत्रालय ने चेताया है कि कुछ मामलों में कट्टरपंथी बंदी



हिंसात्मक गतिविधियों में लिप्त हो सकते हैं– चाहे वह जेल के स्टाफ पर हमला हो, अन्य बंदियों को नुकसान पहुँचाना हो या फिर बाहरी नेटवर्क के साथ मिलकर देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देना हो। गृह मंत्रालय ने 'मॉडल प्रिजन मैनुअल 2016' और 'मॉडल प्रिज़न्स एंड करेक्शनल सर्विसेज एक्ट, 2023' का हवाला देते हुए बताया कि इन मॉडल दस्तावेजों में उच्च-जोखिम कैदियों, उग्रवादियों आदि को अन्य कैदियों से पृथक रखने के लिए विशेष सुरक्षा वाले कारागारों की व्यवस्था की संस्तुति दी गई है। पूर्व में जारी की गई सलाहों को दोहराते हुए गृह मंत्रालय ने राज्य सरकारों से अपेक्षा जताई है कि वे कठोर प्रवृत्ति के बंदियों की पहचान, निगरानी और परामर्श की प्रभावी व्यवस्था करें। गृह मंत्रालय ने यह सुझाव भी दिया है कि जो बंदी उग्र विचारधाराओं का प्रचार कर अन्य कैदियों को प्रभावित कर सकते हैं, उन्हें सामान्य कैदियों से अलग रखा जाए। साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्वतंत्र हाई सिक्योरिटी प्रिजन कॉम्प्लेक्स स्थापित करने पर विचार करना चाहिए ताकि आतंकवादियों व कट्टरपंथियों को अलग रखकर उनके प्रभाव को सीमित किया जा सके। परामर्श में कहा गया है कि इन बंदियों पर निगरानी उपकरणों और खुफिया तंत्र की सहायता से कड़ी निगरानी की जाए और भीतर चल रहे किसी भी उग्रवादी नेटवर्क की पहचान कर उसे समय रहते खत्म किया जाए। मोदी सरकार का यह भी मानना है कि बंदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण, शिक्षा और पुनर्वास कार्यक्रमों में जोड़कर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

## एक नजर

### मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई,8 जुलाई।** भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा मे भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को भिलाईनगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल जब्त किया है। पूर्व में भी इस गिरोह के तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर गिरोह ने काफी लोगों के मोबाइल चोरी की रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है 4 जुलाई को भिलाईनगर पुलिस ने 3 आरोपियों को पकड़कर उसने कब्जे से कुल 16 नग मोबाइल को बरामद किया था आरोपियों से पूछताछ में साथी एम. सागर भी चोरी मे संलिप्त होना बताया गया था। मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर के पास अपने पास मोबाइल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी एम. सागर (21 साल ) निवासी प्रगति नगर छावनी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 27 जून को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा मे भीड़ का फायदा उठाकर अपने साथी बिल्लू नौशाद एवं सुनील उर्फ रोहित, इमला व अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना बताया चोरी के 10 मोबाइल अपने पास रखना बताया ।

### नाबालिग का यौन उत्पीड़न, अधिकारी गिरफ्तार

**भिलाई,8 जुलाई।** दुर्ग जिले के बाल संप्रेक्षण गृह में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है यहां सरकारी संस्थान के एक कर्मचारी ने नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया है आरोपी ने नाबालिग को उसके भाई से मिलाने के बहाने घटना को अंजाम दिया है पुलिस ने आरोपी परिवीक्षा अधिकारी रामकुमार सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है मिली जानकारी के अनुसार पुलगांव स्थित बाल संप्रेक्षण गृह के एक नाबालिग यौन उत्पीड़न से तंग आकर निरीक्षण में आने वाले अधिकारियों को लगातार शिकायत करता रहा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई वहीं न्यायालय के संज्ञान में मामला आने के बाद महिला एवं बाल विकास ने पुलगांव थाने पहुंच शिकायत दर्ज कराई है पुलगांव पुलिस ने बताया कि परिवीक्षा अधिकारी रामकुमार सूर्यवंशी के खिलाफ जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है बता दें कि पीड़ित दूसरे जिले का निवासी है।

### फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**भिलाई,8 जुलाई।** भिलाई अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रकरण में 24 वर्षों से फरार थाना मोहन नगर/अजाक दुर्ग के स्थायी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपना नाम, वेशभूषा बदलकर रह रहा था और एक कम्पनी में गार्ड का काम कर रहा था मोहन नगर पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों/वारंटियों के धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अजाक थाना की टीम ने अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ छेडछाड़ कर अपमानित करने के प्रकरण में 24 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी जो पुलिस को चकमा देकर लगातार फरार रहने वाले स्थायी वारंटी कमल सिंह उर्फ शुभपाल सिंह लगातार फरार रहने से फरारी में चालान तैयार कर 30 नवंबर 2001 में पेश किये जाने उपरांत प्रकरण में फरार था। सोमवार को आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर घटना करने के बाद से गिरफ्तारी से बचने पुलिस से छिपकर शो रूम में गार्ड का काम कर रहा था।

### सूने मकान का तोला तोड़कर चोरी

**भिलाई,8 जुलाई।** पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर जेवरात और नगदी चोरी कर ले गया। घटना के समय वकील परिवार सहित वाराणासी गया हुआ था रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305(ए),331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि निवासी रोहिनी पुरम फेस 3 ग्राम-धनोरा सुनील कुमार साहू पेशे से अधिवक्ता हैं।

### मरोदा पंप हाउस में ब्रेक डाउन से जलापूर्ति प्रभावित

**भिलाई, 8 जुलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग के मरोदा पंप हाउस में पंप का एनआरबी का टॉप कवर फट गया, इससे हाइ प्रेशर में पानी पंप हाउस में तेजी से भरने लगा। इस पंप हाउस में पेयजल की आपूर्ति के लिए कुल 3 पंप चलते हैं। ब्रेक डाउन के तत्काल बाद शेष 2 पंप को प्रभावित होने से बचाने के लिए बंद कर दिया गया। जल आपूर्ति को सामान्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है। मरोदा पंप हाउस से भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। ब्रेक डाउन के पूर्व टाउनशिप के अधिकांश हिस्सों में पेयजल की आपूर्ति लगभग कर दी गई थी।

इस ब्रेक डाउन से पेयजल की आपूर्ति आशिक रुप से प्रभावित हुई है, संयंत्र के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। ब्रेक डाउन के तत्काल बाद सर्वप्रथम फटे हुए पंप के पानी को रोका गया और फायर ब्रिगेड सहित सभी संबंधित विभागों को सूचना देते हुए ज्यादा क्षति न हो इसे ध्यान में रखते हुए चल रहे अन्य पंपों को भी बंद कर दिया गया। पंप हाउस में इन्हें सुधारने का कार्य तीव्र गति से जारी है और देर शाम तक स्थिति सामान्य होने की संभावना है।

# बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 जुलाई। दो दिनों से हो रही वर्षा से शहर में जनजीवन प्रभावित है। लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं और बारिश रुकने का इंतज़ार कर रहे हैं। निचले और श्रमिक बाहुल्य इलाकों में जलभराव जैसी समस्याएं सामने आने लगी हैं। सोमवार के बाद मंगलवार को भी लगातार हो रही हुई बारिश से अनेक क्षेत्रों एवं स्कूलों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गयी। पठन-पाठन भी प्रभावित हुआ है। कैम्प एवं खुर्सीपार में बारिश के चलते कई जगह पानी भर



गया। वहीं मौसम विभाग ने भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अलग-अलग जगहों पर आम तौर पर बादल छाए रहेंगे साथ ही गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी और बिजली गिरने की संभावना भी है। दो दिनों बाद भी प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने व एक-दो स्थानों भारी वर्षा होने तथा मेघ गरज के साथ वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गयी है। दक्षिण-पश्चिम गंगीय पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। अगले 2 दिनों के दौरान इसके झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ में धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री से. जो सामान्य से 3.6 डिग्री से. कम रहा वहीं न्यूनतम तापमान 20.6 आँका गया जो कि सामान्य से 3.4 कम है। सापेक्ष आर्द्रता 91 दर्ज की गयी। अधिकतम तापमान 26 एवं न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना व्यक्त की गयी है जो सामान्य से कम रहेगा।

## 14 जुलाई को बुढ़ामहादेव से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 जुलाई।** 14 जुलाई 2025 को पवित्र श्रावण मास को बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा पदयात्रा निकाली जायेगी। पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या शामिल होकर पदयात्रा को सफल बनाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध नागरिकगण, मंदिर समिति के सदस्यगण सहित शिक्षा विभाग के सरकारी व प्राईवेट स्कूल के प्राचार्य गण के साथ बैठक में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप भोरमदेव पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर आवश्यक रूप से सहयोग के लिए कहा।



**14 जुलाई को निकलेगी भव्य पदयात्रा**-नपाध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी आज जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। उन्होनें बताया कि बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर तक आयोजित होने वाली भव्य पदयात्रा की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक परंपराओं और सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करने का माध्यम है। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और प्रेरणादायी बनाने हेतु सभी को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा तथा सभी प्राईवेट स्कूल व सरकारी स्कूल के प्राचार्य से कहा कि सभी अपने-अपने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पदयात्रा में शामिल होने हेतु प्रेरित करें। उन्होनें पदयात्रा से वापसी के समय स्कूल बस की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की।

## बीएसपी के बार एवं रॉड मिल ने रचा नया मासिक कीर्तिमान

**भिलाई, 8 जुलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल ने जून में अभूतपूर्व तकनीकी दक्षता एवं उत्पादन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। मिल ने जून माह में 92,110 टन का उत्पादन कर अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ जून माह का मासिक उत्पादन हासिल किया, जो 30 दिवस के किसी भी माह में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड भी रहा। उल्लेखनीय है कि इसी माह बीआरएम ने 85.89 प्रतिशत मिल यूटिलाइजेशन प्राप्त कर सर्वोच्च मासिक मिल यूटिलाइजेशन का नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 2,64,157 टन उत्पादन कर प्रथम तिमाही के उत्पादन में अब तक



का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कार्यस्थल पर सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को निरंतर बनाए रखने पर विशेष बल दिया। विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कि बीआरएम टीम आने वाले समय में भी इसी समर्पण से कार्य कर संयंत्र के विकास में

## वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर जमा करने पर मिलेगी 5 प्रतिशत छूट

**भिलाई, 8 जुलाई।** नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर जमा करने पर वर्तमान में 5 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जा रहा है। भिलाई क्षेत्र के करदाताओं से अपील है कि जल्द से जल्द वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर की राशि निगम के संपत्तिकर काउंटर पर जमा कर छूट का लाभ उठावें। संपत्ति कर के मूल्यांकन एवं सुधार हेतु मकान/दुकान भू-स्वामियों द्वारा दिये गये स्व-विवरणी के जांच हेतु टीम गठित किया है। सभी जोन में राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाकर स्व-विवरणी की जांच कर रहे हैं । जोन 01 नेहरू नगर में 33, जोन 02 वैशाली नगर



में 15, जोन 03 मदर टेरेसा नगर में 57, जोन 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार 27 एवं जोन 05 अंतर्गत 20 मकान/ दुकान, कुल 152 मकानों/दुकानों का सर्वे कर नाप किया गया है, जिसका परीक्षण कार्य जारी है। भू-स्वामी द्वारा स्व-विवरणी में गलत जानकारी दिये है और उतने का ही संपत्तिकर जमा कर रहे है। यदि जांच के दौरान पता चलता है कि स्व-विवरणी गलत भरा गया है तो उनको अंतर की राशि का 5 गुणा अधिभार शुल्क निगम कोष में जमा करने का प्रावधान है। निगम जांच टीम पहुंचने के पूर्व भू-स्वामी द्वारा स्वयं से स्व-विवरणी में सुधार करा लिया जाता है तो 5 गुणा अधिभार शुल्क से बचा जा सकता है।

### आदिवासी बेटियों को मिला धरती आबा संतृप्ति शिविर से सुरक्षित एवं उज्जवल भविष्य का तोहफा

**मोहला 8 जुलाई** । धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश और मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। जिले के सभी 29 सेक्टर मुख्यालयों में आयोजित इन शिविरों में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत कुल 350 आदिवासी बालिकाओं के खाते खोले गए। जिले में अब तक 7500 बालिकाओं के सुकन्या खाते खोले जा चुके हैं। धरती आबा संतृप्ति शिविर के माध्यम से जिले की आदिवासि बेटियों कों आर्थिक सुरक्षा एवं उज्वल भविष्य के लिए कारगर सिद्ध हुई, इससे जनजातीय समुदाय में बेटियों के भविष्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ा है। इस पहल के माध्यम से जनजातीय समुदाय की महिलाओं द्वारा महतारी वंदन योजना से प्राप्त होने वाली बचत राशि का उपयोग सुकन्या समृद्धि खातों में प्रारंभिक निवेश के

## विधायक की मांग पर निगम के लिए 5 जेसीबी,डामरीकरण के लिए राशि स्वीकृत

**भिलाई, 8 जुलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव और प्रयासों से नगर पालिक निगम भिलाई को 5 नई जेसीबी बैकहो लोडर के लिए राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 1 करोड़ 88 लाख की स्वीकृति दे दी है। साथ ही सड़क निर्माणए डामरीकरणए पाथवे सहित सीवरेज लाइन नवीनीकरण के लिए 2 करोड़ 58 लाख 18 हजार रुपये भी स्वीकृत हुए हैं। विधायक सेन ने कहा कि निगम क्षेत्र के अलग.अलग वार्डों में सड़कए पाथवेए डामरीकरण कार्य के लिए मंत्री अरुण साव ने 2 करोड़ 58 लाख 18 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। विधायक सेन ने मैनपाट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से यह जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 15वें वित्त आयोग अनटाईड ग्राण्ट ;निर्माण कार्यद्धध्टाईड ग्राण्ट ;ठोस अपशिष्ट प्रबंधनद्ध



अंतर्गत निर्माण कार्यध्वाहनध्उपस्कर क्रय हेतु कुल 4 करोड़ 46 लाख 18 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि बीएम शाह अस्पताल से साक्षरता चौक तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 44 लाख 96 हजारए गौतम नगरए श्रीराम वाटिकाए गणेश मंच के आस.पास पाथवे निर्माण कार्य के लिए 49 लाख 8 हजारए लक्ष्मी नारायण नगर पटेल टाईल्स से लेकर तेज कोक कंपनी एवं पूजा दवाखाना से लेकर कादर अली के घर तक पेवर ब्लॉक कार्य के लिए 37 लाख 24 हजार रूपयेए 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड ऋण् 27 शास्त्री नगर साक्षरता चौक से तीन दर्शन मंदिर होते हुए 18 नंबर रोड तक मानिक होटल से होते हुए नेहरू चौक तक मार्ग का डामरीकरण कार्य के लिए 76 लाख 91 हजारए वार्ड ऋण् 27 शास्त्री नगर अंतर्गत 19 नंण् रोड से फगुंवा निवास होते हुए कबीर कुटीर तक हाईस्कूल रोड से साई नगर सुलभ तकए साई नगर सुलभ से कबीर कुटी तक एवं कबीर कुटीर से होते हुए कब्रिस्तान तक सीवरेज लाइन नवीनीकरण कार्य के लिए 49 लाख 99 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

## पैरा आर्म रेसलिंग कप में श्रीमंत ने जीता गोल्ड मेडल

**भिलाई, 8 जुलाई।** श्रीमंत झा ने लक्ज़मबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीत लिया है। उन्होंने अपनी जीत अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित की, जो उनके संवेदनशील और मानवीय पक्ष को दर्शाता है। लक्ज़मबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप का आयोजन 4 से 6 जुलाई तक हुआ, जिसमें श्रीमंत झा ने जर्मनी के अलेक्सांद्र लीशुकोव को हराकर गोल्ड मेडल जीता। श्रीमंत झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेसलर हैं। वे अब तक देश के लिए 56 अंतरराष्ट्रीय मेडल जीत चुके हैं विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में। गोल्ड पदक जीतने के बाद श्रीमंत झा ने वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जो बुल्गारिया में होना है। झा ने




मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि उन्हें सरकारी नौकरी प्रदान करें जिससे वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकें और आगामी ओलंपिक की तैयारी में अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें।

## मेयर ने इंजीनियरों की बैठक लेकर कार्यों की जानकारी ली



**दुर्ग,8 जुलाई।** नगर पालिक निगम मेयर श्रअलका बाघमार ने इंजीनियरों को सौंपे नए प्रभार वार्डो की जिम्मेदारी मिलने के बाद बैठक लेकर निर्माण कार्यो में तेजी लाने बारी-बारी कार्यो की जानकारी ली।मेयर श्रीमती बाघमार ने कहा वार्डो के भीतर जर्जर सड़को मे डस्टफीलिंग डालने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश।मेयर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि बिना लेआउट स्वीकृति के भवन अनुज्ञा नही प्राप्त होगी,अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही होगी।बैठक में अधिकारी भी विकास कार्यो को लेकर गंभीरता दिखाए अधिकारी फील्ड मे जाकर निरीक्षण करेंगे।ठेकेदारो के भरोसे कार्यो को ना करवाये,शहर में चल रहे विकास कार्यो को जल्द पुरा कराए।शहर क्षेत्र के वार्डो के भीतर सड़क में पानी भराव की स्थिति ना हो उसको ध्यान मे रखते हुए कच्ची सड़क से पानी निकासी हेतु नाली की व्यवस्था बनाए।जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के पालन को लेकर सख्ती के निर्देश दिए गए। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पहले से अनिवार्य है, लेकिन नगर निगम द्वारा अब इसे लेकर सख्ती बरती जाएगी निरीक्षण करने के निर्देश दिए।रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के सत्यापन के बिना,किसी भी भवनों को पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा।ठेकेदार समयसीमा में पूर्ण नहीं करते तो नियमानुसार उनके टेंडरों को निरस्त कर ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही की जाएगी। मेयर ने कहा कि जिस भी काम्प्लेक्स में अंडर ग्राउंड पार्किंग को बंद किये हैं उसकी जांच कर कार्यवाही किया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रत्येक जोन क्षेत्र में चल रहे प्रमुख विकास कार्यो पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों से सभी कार्यों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए,उन्होंने कहा कि जो भी महत्वपूर्ण कार्य शेष रह गए हैं उन्हें समय रहते पूरा किया जाना है। प्रत्येक वार्ड में स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत कार्य, आप्रारंभ कार्य के विषय में जानकारी ली।इस अवसर पर उपअभियंता हरिशंकर साहू,विनोद मांझी,अर्पणा मिश्रा,विकास दमाहे,प्रेरणा दुबे मौजूद रहें।

## जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

**दुर्ग, 8 जुलाई** । जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव एवं श्री हितेश पिस्दा ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन के दौरान नगर निगम, समाज कल्याण, खाद्य विभाग एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 80 आवेदन प्राप्त हुए। शिवपारा वार्ड क्रमांक 38 के निवासी ने अपने क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वार्डवासी द्वारा उनके निवास मकान के सामने अतिक्रमण कर ÷भैसांपुर चबूतरा÷ का निर्माण कर लिया गया है, जहां नियमित रूप से पशु बलि जैसी गतिविधियाँ की जाती हैं। इस चबूतरे के कारण आम रास्ता बाधित हो रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। संकरी सड़क और धार्मिक गतिविधियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। आवेदक ने भैसांपुर चबूतरे को हटाकर किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने के लिए आवेदन दिया। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। राजीव नगर वार्ड 04 के वार्डवासियों ने बारिश में डुबान से राहत दिलाने आवेदन दिया। राजीव नगर वार्ड क्रमांक 04 के वार्डवासियों ने बताया कि बारिश में जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र की तीन प्रमुख नालियाँ वार्ड 02 (शिव नगर), वार्ड 04 (राजीव नगर), और वार्ड 03 (मठपारा) की निकासी का पानी नया आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्थित एक संकीर्ण नाली में मिलती हैं। यह नाली मोहल्ले की महिला के घर के बगल से होकर गुजरती है, महज 3 फीट चौड़ी है, जबकि इससे जुड़ने वाली नालियां इससे कहीं अधिक चौड़ी हैं। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 58 के पूर्व पार्षद ने सड़क जीर्णोद्धार के लिए आवेदन दिया।

## जीई फाउंडेशन ने रावघाट के बच्चों को जरूरत का सामान बांटा

**भिलाई।** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय गैर सरकारी संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने आदिवासी अंचल स्थित रावघाट के ग्रामीणों के बीच 5 जुलाई को वहां आयोजित कार्यक्रम में जरूरत का सामान वितरित किया। इस दौरान विविध सांस्कृतिक व खेलकूद से जुड़ी गतिविधियां भी कराई गई।

भिलाई स्टील प्लांट की लौह अयस्क खदान रावघाट के लिए रेल लाइन बिछाने के कार्य की सुरक्षा में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 28 वीं वाहिनी की निगरानी में जीई फाउंडेशन ने यहां के कोसरांडा, रावघाट एवं बैहासाल्हेभाठ गांव के विभिन्न विद्यालयों–राजकीय उच्च प्राथमिक शाला कोसरोंडा, प्राथमिक शाला रेखाभाट, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमापाल तथा प्राथमिक शाला सतीघाट में अध्ययनरत 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, लेखन सामग्री एवं हाथ




घड़ियाँ वितरित की।जीई फाउंडेशन का यह आयोजन सिर्फ जरूरत के सामान के वितरण तक सीमित नहीं रहा,बल्कि इन ग्रामीण बच्चों के आत्मविश्वास को और मजबूत करने, उनकी खेल भावना और सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने मंच भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण छात्राओं ने शानदार वॉलीबॉल मैच में भाग लिया तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने समस्त दर्शकों का मन मोह लिया।जीई फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने इस मौके पर कहा कि इस प्रेरणादायी पहल ने न सिर्फ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि शिक्षा, खेल और संस्कृति के संगम से ही एक समृद्ध और आत्मनिर्भर समाज की नींव रखी जा सकती है।एसएसबी के कमांडेंट अरुण देवगम ने कहा कि 28 वीं वाहिनी और गोल्डन एम्पैथी फाउंडेशन का यह प्रयास निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरित करेगा। इस अवसर पर एसएसबी के उप कमांडेंट राजन राय, सहायक कमांडेंट गण भारत भूषण, संतोष कुमार और मोहित पापनई तथा जीई फाउंडेशन से संजय मिश्रा, केवी विनोद और सारांश मिश्रा मौजूद थे।

### सम्मानित किए गए डॉक्टर पत्रकार और समाजसेवी

**भिलाई।** अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार की ओर से किछौछा शरीफ (यूपी) से अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी की तकरीर हुई। मौलाना अशरफी ने इस दौरान समाजसेवा के उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रमुख लोगों का सम्मान किया। अंजुमन हुसैनिया के प्रमुख हुसैन अली अशरफी ने बताया कि तकरीर और दुआओं के बाद सम्मान समारोह रखा गया था। जिसमें चिकित्सा सेवा क्षेत्र से डॉ. शादाब सिद्दीकी, डॉक्टर आफताब रजा और डॉ. अमीन बेग, पत्रकारिता से फारुक खान और मोहम्मद फैजान खान, समाजसेवा के क्षेत्र में बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में पदस्थ जनरल मैनेजर एसएम शाहिद अहमद, हजरत बिलाल मस्जिद हुडको के सदर शाहिद अहमद रज्जन और सूफी लाइट के सैयद अशफाक अली का इस्तकबाल अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी के हाथों हुआ।

### कोक ओवन-5 में गैलरी गिरी,कोई हताहत नहीं

**भिलाई, 8 जुलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरी नं. 5 और 6 के बीच स्थित गैलरी सोमवार को एक हादसे में गिर गई। इस दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। इस गैलरी के गिर जाने से उत्पन्न हुई स्थिति से निपटने के लिए अन्य व्यवस्था की गई है ताकि उत्पादन किसी भी तरह से प्रभावित न हो। क्षतिग्रस्त गैलरी को शीघ्र दुरूस्त करने के प्रयास भी प्रारंभ किये जा चुके है। इससे उत्पादन प्रभावित नहीं होगा।

### जिले में अब तक 195.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**भिलाई, 8 जुलाई।** जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक 195.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 325.7 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 133.1 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 149.0 मिमी, तहसील अहिवारा में 222.8 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 150.0 मिमी और तहसील दुर्ग में 190.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 08 जुलाई को तहसील दुर्ग में 43.2 मिमी, तहसील धमधा में 48.4 मिमी, तहसील पाटन में 54.0 मिमी, तहसील बोरी में 45.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 31.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 81.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### भाजपाइयों ने भखारा में मनाई डॉ.मुखर्जी जयंती

**अंवरी, 8 जुलाई।** भाजपा नगर पंचायत एवं मण्डल भखारा द्वारा पार्टी के संस्थापक, राष्ट्रभक्त विचारक और भारत की एकता के प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## एक नजर

### संयुक्त जिला कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ



**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में सभी शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष से इसका विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि ई-ऑफिस से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समयबद्धता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुरूप समस्त विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और सुगम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग एवं प्रसंस्करण, कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता, समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार, कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है।

### बलौदाबाजार जिले में 259 मिलीमीटर वर्षा

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 7 जुलाई 2025 तक 259 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 307.4 एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 190 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 288.5 मिमी, बलौदाबाजार 271.2 मिमी, पलारी 258.1 मिमी, सिमगा 257.6 मिमी, भाटापारा 253.6 मिमी, लवन 252.6 मिमी एवं सोनाखान में 252.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 2331.1 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 259 मिमी है। 7 जुलाई 2025 को 513.4 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 57 मि.मी.है। जिले के तहसीलवार में बलौदाबाजार 94 मिमी, सिमगा 73.6 मिमी, पलारी 68.6 मिमी, सुहेला 58.5 मिमी, भाटापारा 57.6 मिमी, लवन 46.7 मिमी, सोनाखान 45.3 मिमी, टुण्डरा 36.5 मिमी एवं कसडोल 32.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में शत्रुघन पिता चमरू, निवासी ग्राम देवतराई तहसील सोनाखान एवं दुधमोती पति स्व. दुवारु बरिहा, निवासी ग्राम कुशभाठा तहसील सोनाखान शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### 16 को प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 16 जुलाई को मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 03 नियोजकों द्वारा कुल 435 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में जीएसएमआर सोलर प्राईवेट जेजे हॉस्पिटल तोरवा नाका बिलासपुर के द्वारा फील्ड ऑफिसर के कुल 20 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास,आयु 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। उक्त पदों का कार्य स्थल गुरूर, बालोद, गुण्डरदेही, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा रहेगा। इसी तरह संसुर श्रुसंति इंडिया लिमिटेड बजरंग चैक तुलसीपुर राजनांदगांव के द्वारा ब्रांच मेनेजर के 33 पद तथा बिजनेस डेवेलमेंट ऑफिसर के 10 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक, आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई दुर्ग के अंतर्गत सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### गाज से बचाव के लिए प्रशासन ने जारी की जानकारी

**जशपुरनगर।** बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। इससे बचाव के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियाँ अपनाने की अपील की है और कहा है की बिजली एक शक्तिशाली प्राकृतिक घटना है, लेकिन यदि हम सतर्क और तैयार रहें, तो जानमाल का नुकसान कम किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली कड़कने पर तुरंत सुरक्षित जगह जाएं सबसे सुरक्षित जगह पक्का मकान होता है, अगर खुले में हैं और कहीं नहीं जा सकते, तो झुक कर बैठें (पैर साथ रखें), लेकिन ज़मीन पर सीधे नहीं लेटें, बिजली से चलने वाले उपकरण टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर आदि को तुरंत अनप्लग कर दें, पेड़ों और धातु की चीज़ों से दूर रहें, पेड़ के नीचे खड़े न हों बिजली अक्सर ऊंची चीजों पर गिरती है, बिजली के खंभों, तारों और लोहे के औजारों से दूर रहें, घरों में लाइटनिंग रॉड तड़ित चालक लगवाना एक वैज्ञानिक और सुरक्षित उपाय है। इसके साथ ही नजदीकी अस्पताल, आशा कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत, तहसील अधिकारी का नंबर अपने पास रखें।भारतीय मौसम विभाग की चेतावनियां रेडियो, मोबाइल या दामिनी ऐप से प्राप्त करें।

# 15 अगस्त से राजिम तक मेमू चलाने की तैयारी

## 31 मार्च को इस रूट पर पहली बार रायपुर से अभनपुर के बीच चलाई गई थी ट्रेन

**रायपुर।** नवा रायपुर-धमतरी-राजिम रेललाइन परियोजना का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 30 जून को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण सिन्हा ने अभनपुर से राजिम के बीच नवनिर्मित रेललाइन का निरीक्षण किया था। इस खंड में गेज कन्वर्जन, मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

रेल संरक्षा आयुक्त, सीआरएस द्वारा निरीक्षण और अनुमति मिलने के बाद इस रेलखंड पर ट्रेन संचालन की शुरुआत की जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी है कि राजिम तक ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है बारिश अगर बांधा न बने तो 15 अगस्त तक इसके शुरू होने की संभावना है।



**यात्री बढ़ने की उम्मीद**

इस समय रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिसे आगे बढ़ाकर राजिम तक ले जाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च को इस रूट पर पहली बार रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन चलाई गई थी। फिलहाल इस खंड में हर माह लगभग एक हजार यात्री यात्रा कर रहे हैं। राजिम तक ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद है। स्थानीय लोगों के लिए यह रेलसेवा एक बड़ी राहत साबित होगी और क्षेत्रीय संपर्क को भी मजबूती मिलेगी। वर्तमान में राजिम स्टेशन के दोनों छोर पर अतिक्रमण है। जिसे हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन से बात की जा रही है। अफसरों के अनुसार यात्री ट्रेनें चलाने में रेलवे को परेशानी नहीं है। इसके अलावा अभनपुर से धमतरी के बीच भी गेज कनवर्जन कार्य प्रगति पर है। दिसंबर में धमतरी तक ट्रेन शुरू करने की बात कही जा रही है। हालांकि पूरी तरह से धमतरी तक रेल सेवा शुरू करने के लिए 2026 का ही लक्ष्य रखा है।

# रेत का अवैध परिवहन करते जेसीबी और 3 ट्रैक्टर जब्त



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर तहसीलदार कोमल साहू के द्वारा अवैध रूप से डंप किये रेत को जेसीबी से लोड करके इच्छापुर ओडिशा ले जा रहे जेसीबी समेत 3 ट्रैक्टर (ओड़िशा आरटीओ का नंबर) को जब्त कर थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्द किया गया है। अपेक्स बैंक सरिया के पास कॉलेज के सामने रेत का अवैध रूप से पहले डंप करके रखा गया था, जिसका विगत 5-7 दिनों से ओडिशा की जेसीबी और ट्रैक्टर द्वारा अवैध परिवहन किया जा रहा था।

अब इन गाड़ियों को आगे की कार्यवाही हेतु कार्यालय कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के माइनिंग शाखा को प्रतिवेदन प्रेषित किया जायेगा।

# दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में न्योता भोज



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन के तहत 6 जुलाई 25 को समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर में जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार ने अपने बेटे प्रखर कुमार के जन्म दिवस के अवसर पर दिव्यांग स्कूल जशपुर में न्योता भोजन का आयोजन किया गया और बच्चों को खेल सामग्री, कापी, टिफिन बॉक्स, पानी बाटल भेंट भी बच्चों को किया गया। बच्चों ने उत्साह से न्योता भोजन का आनंद लिया इस अवसर पर बच्चे,समाज कल्याण विभाग और शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्योहारों या अवसरों जन्मदिन, वर्षगांठ और राष्ट्रीय पर्व पर स्कूलों आश्रम छात्रावास के बच्चों के लिए न्योता भोजन करवाया जा सकता है।

# ग्रामीणों को दी गई जल संरक्षण,मनरेगा एप की जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के जॉब कार्डधारी परिवारों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को जनमनरेगा मोबाइल एप, जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य, एक पेड़ मां के नाम अभियान, तथा मोर गांव - मोर पानी जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



ग्रामीणों को बताया गया कि मनरेगा के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। ग्रामीण एवं मनरेगा के श्रमिकों द्वारा ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर मनरेगा के नवीन दिशा-निर्देशों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। लोगों को बताया गया कि कैसे वे जनमनरेगा एप के माध्यम से कार्य की निगरानी कर सकते हैं और पारदर्शिता बनाए रख सकते हैं। साथ ही जल संचयन, सोखता गड्ढों का निर्माण, और वृक्षारोपण जैसे कार्यों को जनभागीदारी से सफल बनाने का संदेश दिया गया। रोजगार दिवस के माध्यम से ग्रामीणों तक योजनाओं की सही जानकारी पहुँचाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। रोजगार दिवस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी हृदय शंकर ने महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराया।

# कुनकुरी सदन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर

**रायपुर.** कुनकुरी सदन के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. माननीय मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और मुख्य संयोजन में आयोजित इस विशाल रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया. रक्तदान करने के बाद लोगों ने कहा कि इससे उन्हें आत्म संतोष का अनुभव हो रहा है. दानदाताओं ने इस शिविर के आयोजन के लिए तुलसी कौशिक का भी आभार जताया. तुलसी कौशिक ने इस अवसर पर युवाओं से रक्तदान जैसे पुनित कार्य में हिस्सा लेने की अपील की.




गौरतलब है कि जब से प्रदेश में विष्णुदेव सरकार आई है कुनकुरी सदन जरूरतमंदों की सेवा खासतौर पर दूरदराज के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करवाने में एक मददगार केन्द्र बनकर उभरा है. माननीय मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक लगातार यहां से लोगों को बेहतर इलाज मिले ये सुनिश्चित करते हैं. मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील भावना के तहत इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है. इस तरह कुनकुरी सदन के माध्यम से आज दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों को बेहतर इलाज मिल रहा है. और ये उनके लिए राजधानी में

# ठीक समय पर खाद-बीज मिलने से किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**बलौदाबाजार भाटापारा।** किसानों के लिए समय पर खाद व बीज़ का इंतजाम करना किसी चुनौती से कम नहीं होता। शासन - प्रशासन द्वारा किसानों क़ो खाद बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए समितियों में अग्रिम भण्डारण हेतु अवश्यक निर्देश अधिकारियों क़ो दिये गए हैं।



समय पर बीज़ व उर्वरक मिलने से किसानों क़ो खेती -किसानी की चिंता दूर हुई है। ग्राम परसाभदेर (च) निवासी किसान संतोष कुमार निषाद हर साल की तरह इस बार भी अपने खेतों में मेहनत करने के लिए तैयार थे। लगभग 7 एकड़ ज़मीन में खेती करने वाले संतोष निषाद के चेहरे पर चिंता की लकीरें तब उभर आई थीं, जब उन्हें लगा कि कहीं इस बार खाद मिलने में देर न हो जाए। खाद की समय पर उपलब्धता हर किसान के लिए किसी राहत से कम नहीं होती। यही सोचकर वो पहुंचे सेवा सहकारी समिति बलौदाबाजार। लेकिन इस बार नज़ारा कुछ और ही था। न कोई भीड़, न कोई भागदौड़। व्यवस्था इतनी सुगम थी कि उन्हें तुरंत और पूरी मात्रा में खाद मिल गई।खाद हाथ में आते ही संतोष की आंखों में एक चमक सी आ गई। उन्होंने कहा, पहली बार ऐसा लगा कि सरकार सच में हमारे बारे में सोच रही है। खाद लेने में कोई दिक्कत नहीं आई, समय भी बचा और मेहनत भी।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति शुरू

**बलौदाबाजार।** जिले में चिकित्सा व्यवस्था में कसावट लाने और आम जनता को कुशल चिकित्सकों की सुविधा मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला खनिज न्यास निधि से विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। विभाग द्वारा प्रत्येक गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक इंटरव्यू का आयोजन 3 जुलाई से किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि वॉक- इन इंटरव्यू में मेडिसिन,नाक- कान -गला, एनेस्थीसिया,स्त्री रोग ,जनरल सर्जरी,रेडियोलॉजिस्ट,हड्डी तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जानी है ।यह डॉक्टर जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवा देंगे। आयु सीमा इसके लिए अधिकतम 70 वर्ष निर्धारित की गई है । नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई तथा एक वर्ष हेतु होगी ।योग्य प्रतिभागी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिवस को स्थानीय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# किसानों ने की खाद की जमकर खरीदी

**राजनांदगांव।** जिले में खेती-किसानी कार्य के लिए किसानों में खुशी एवं उल्लास है। शासन की किसान हितैषी योजनाओं से अन्नदाता किसान धन-धान्य से परिपूर्ण एवं समृद्ध हो रहे है। किसान सेवा सहकारी समिति से लगातार खाद-बीज क्रय कर रहे है। शासन की योजनाएं उनके लिए मददगार साबित हो रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोरी के किसान संजय कुमार टंडन सेवा सहकारी समिति गठुला खाद खरीदने आए थे। उन्होंने बताया कि उनके पास 20 एकड़ जमीन है और आज उन्होंने यूरिया, डीएपी,



पोटाश और राखड़ खरीदा है। उन्होंने बताया कि आज जरूरत के हिसाब से खाद मिल गया है। 20 एकड़ खेत में धान की रोपाई हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शून्य प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख 50 हजार रूपए का ऋण लिया है। जिसका उपयोग वे खेती-किसानी के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिना ब्याज के राशि मिल जाने से बहुत मदद होती है और यह किसानों के लिए लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री सम्माननिधि योजना के तहत प्रतिवर्ष 6000 रूपए की राशि मिल रही है। जिसका उपयोग वे खेती कार्यों के लिए कर रहे है। खेती कार्यों में नवीनतम तकनीक के प्रयोग से कृषि कार्य आसान होते जा रहे है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना सरकार की बेहतरीन योजना है। जिसके तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है।

### रिक्त पदों की पूर्ति के लिए जानकारी देने की अपील

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर द्वारा निजी क्षेत्र के रिक्त पदों हेतु प्लेसमेंट केम्प का आयोजन जुलाई माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उप संचालक रोजगार जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट केम्प के माध्यम से रिक्त पदों की पूर्ति करने के इच्छुक नियोजक अपने फर्म (संस्था), कार्यालय और दुकान की रिक्तियों की जानकारी कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर को पत्र के माध्यम से या कार्यालय के ईमेल अथवा कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जानकारी प्रदाय कर सकते हैं। जिसमें पदवार रिक्तियों की संख्या, वांछित योग्यता, अनुभव एवं प्रतिमाह देय वेतन की जानकारी भी दिया जाना आवश्यक है।

# बारिश के मौसम में सब्जियों की कीमतों ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

## टमाटर 50 पार, मशरूम एक हजार रुपए प्रति किलो

**बालोद।** बरसात के साथ सब्जियों की महंगाई भी आसमान छूने लगी है। बालोद जिले में हरी सब्जियों के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। खासकर मौसमी सब्जी पुटू इस समय सबसे महंगी सब्जी बन गई है, जो थोक में 1300 रुपये किलो और चिल्हर में 400 रुपये पाव यानी 1600 रुपये किलो तक पहुंच गई है। सेमी भी 150 रुपये थोक और 200 रुपये किलो चिल्हर में बिक रही है। भिंडी, करेला, गंवार फल्ली जैसी सामान्य सब्जियों के दाम भी अब 100 रुपये किलो के आसपास पहुंच चुके हैं।

**टमाटर ने पार किया 50 का आंकड़ा**

टमाटर ने भी 50 रुपये किलो का आंकड़ा पार कर लिया है। कुछ हफ्तों पहले तक जो भिंडी थोक में 20-25 रुपये और चिल्हर में 40 रुपये किलो बिक रही थी, वह अब थोक में 50-60 रुपये और चिल्हर में 100 रुपये किलो हो चुकी है। इसी तरह



करेला और गंवार फल्ली 25-30 रुपये पाव (100-120 रुपये किलो) बिक रही है। मूनगा की कीमत 30 से 40 रुपये पाव यानी 120 से 160 रुपये किलो है। ढेस की कीमतें भी लगातार ऊंची बनी हुई हैं। थोक में 60 से 80 और चिल्हर में 30 रुपये पाव यानी 120 रुपये किलो में बिक रहा है।

**कद्दू के दाम में मामूली बढ़ोतरी**

कद्दू जो आमतौर पर 20 रुपये किलो मिलता था, वह अब 30 रुपये किलो में बेचा जा रहा है। लौकी भी 40 रुपये किलो तक पहुंच गई है। धनिया थोक में 50-60 रुपये किलो और चिल्हर में 30 रुपये पाव से कम नहीं मिल रहा। बारिश के मौसम में आवक घटने और खराब मौसम की वजह से यह महंगाई और बढ़ सकती है।

**सबसे महंगा फुटू**

बारिश के मौसम में आने वाले जंगली मशरूम फुटू के दाम इस समय चिल्हर में 700 से 1 हजार रुपये किलो है। यह बालोद जिला मुख्यालय के साथ निकायों के बाजारों में 100-200 रुपये जुरी के हिसाब से बिक रहा है। इसकी बारिश के मौसम में बहुत ज्यादा मांग रहती है। यह महंगा होने के बाद भी जिला मुख्यालय की सड़क पर बिक रहा है। नगर में जय स्तम्भ चौक पर फुटू जूरी में बेचा जा रहा है, एक जूरी 100 से 150 रुपये, जिसमे 10 से 12 नग फुटू होता है।

**50 से कम वाली सब्जी**

50 रुपये से कम वाली सब्जियों में कद्दू है। इसके दाम हमेशा 20 रुपये रहते हैं, लेकिन यह इस समय 30 रुपये किलों में बिक रहा है।

थोक में इसके दाम 15 रुपये हैं। इसके अलावा लौकी 40 रुपये, पत्ता गोभी 40 रुपये, बैगन 40 रुपये किलो है। अन्य सब्जियों के दाम 50 रुपये से ज्यादा है। इसमे कोचआ के दाम 60 रुपये, फुल गोभी 40 रुपये, परवल 40 रुपये किलो है।

# भगत सिंह वार्ड में स्वास्थ्य विभाग ने किया मच्छरदानी वितरण



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भगत सिंह वार्ड में मंगलवार सुबह मच्छरदानी वितरण किया गया। शहर के भगत सिंह वार्ड से इस कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर संजय पाण्डे ने किया। शहर के सभी 48 वार्डो में निर्धारित तिथि अनुसार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मच्छरदानी का वितरण किया जाना है। इस कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, राणा घोस, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर सी मैत्री, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तैया, प्रशांत श्रीवास्तव, डॉक्टर अन्वेषणा प्रसाद, मितानिन पद्मिनी यादव, नगर निगम के ईई गोपाल भारद्वाज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### विपक्ष का काम कमी,खामी बताना है

लोकतंत्र में विपक्ष की अहम भूमिका होती है, विपक्ष मजबूत होता है तो लोकतंत्र मजबूत होता है। मजबूत विपक्ष का धर्म होता है कि सरकार पर दवाब बनाकर रखना ताकि सरकार सही रास्ते पर चले, मनमानी न कर सके। विपक्ष का काम सरकार को उसकी कमी खामी भी बताते रहना है। इससे जनता के साथ ही सरकार को भी पता चलता रहता है कि सरकार की कमी खामी क्या और वह उसे सुधारने का प्रयास भी करती है। राज्य में कांग्रेस विपक्ष में है और वह मजबूत विपक्ष की भूमिका बखूबी निभा रही है। सोमवार को कांग्रेस ने किसान,जवान,संविधान सभा का बड़ा आयोजन किया। निरंतर बारिश के बाद भी सभा में जुटी भारी भीड़ से साफ हो गया कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा के लिए जितनी मेहनत की थी वह सफल रही। कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी संगठनों व नेताओं को जो जिम्मेदारी सौंपी थी, सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। इससे राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जरूर खुश हुए होंगे। वह कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं से यही अपेक्षा भी करते हैं कि वह एकजुट होकर सब काम करें। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे केंद्र सरकार व राज्य सरकार को आड़े हुए लेते हुए उनकी कमी खामी देश व राज्य की जनता को बताई। उन्होंने जनता को याद दिलाया कि केंद्र सरकार कमजोर सरकार है। दो दलों की बैशाखी पर टिकी हुईहै,कभी भी गिर सकती है। उन्होंने जनता को आगाह किया आरएसएस व भाजपा संविधान की आत्मा से खिलवाड़ कर रहे हैं,इस मौके पर उन्होंने आदिवासियों को जल,जंगल,जमीन की रक्षा के लिए एकजुट होकर लडऩे का आव्हान किया। उन्होंने भूपेश सरकार के कामों को याद कर लोगों की याद दिलाया कि उस वक्त क्या क्या काम किए गए थे, आज क्या काम सरकार को करना है और वह कर नहीं रही है। सभा में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि उनको फिर एक बार 2028 में 2018 जैसी लड़ाई लडऩी है। भूपेश बघेल व दीपक बैज ने भी सरकार की कमी खामी बताने के साथ ही कार्यकर्ताओं व नेताओं को एकजुट होकर काम करने प्रेरित किया। ताकि अगली बार फिर कांग्रेस की सरकार बन सके।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने डेली रूटीन में कोई बदलाव न करें, क्योंकि परिवार में संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद की स्थिति खड़ी हो सकती है। पिताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आपको भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। पार्टनरशिप में आप कोई काम ना करें। आप अपने कामों को तेजी से निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपका निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप अपने घर के कामों में भी कोई बदलाव कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

मिथुन आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी वाद-विवाद में ना पड़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आर्थिक मामलों में आपको पूरी समझदारी दिखानी होगी। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, जो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा, लेकिन आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय से बाद में आपको पछतावा हो सकता है। आपकी बिजनेस में भी कोई अटकी हुई डील फाइनल होगी, जो आपको थोड़ी टेंशन दे सकती है और किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको अपने कामों को लेकर पूरी जिम्मेदारी से काम करना होगा। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए कुछ धन का इंतजाम भी कर सकते हैं। भाई व बहनों से चल रही अनबन आपकी बातचीत के जरिए दूर करनी होगी।

कन्या आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। कारोबार को लेकर आपको किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने परिजनों पर भरोसा थोड़ा सोच समझकर करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलना होगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने जीवन स्तर को सुधारने की कोशिश में लगे रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

धनु आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा और आप परिवार में किसी सदस्य पर कोई जिम्मेदारी ना डालें। आपको अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है। छोटों की गलतियों को आपको बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। आप अपने आवश्यक कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। करीबियों को आपको पूरा साथ मिलेगा। किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए सूझबूझ से काम करने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपकी कला और कौशल में सुधार आएगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। धन को लेकर यदि आपका कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप छुटपुट लाभ के अवसरों को भी हाथ से जाने ना दें। आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी वाणी के आकर्षण से लोग आपकी तरफ आकर्षित होंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को इसका अच्छा फायदा मिलेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी और माताजी से आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों से आपकी खूब पटेगी। बिजनेस में आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए सिरदर्द बन सकता है।

मीन आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबार में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा और आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप किसी धार्मिक का आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा।

जन्मदिवस

# राजनाथ सिंह: रक्षा, राष्ट्रीयता और राजनीतिक कौशल के प्रतीक

ललित गर्ग



भारत के राजनीतिक आकाश पर जिन व्यक्तित्वों ने अपनी सादगी, दृढ़ता, राष्ट्रभक्ति और कर्मठता से अमिट छाप छोड़ी है, उनमें राजनाथ सिंह का नाम शीर्ष पर आता है। राजनाथ सिंह आज देश के रक्षा मंत्री के रूप में भारत की सुरक्षा नीति, सामरिक रणनीति और आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं। उनका राजनीतिक जीवन एक प्रेरणा की तरह है-जहां संघर्ष है, सिद्धांत हैं, और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उनकी लोकप्रियता एवं राजनीतिक कद यूं ही शिखरों पर आरुढ़ नहीं हुआ है, भारत के नवनिर्माण की उनकी प्रभावशाली शैली इसका कारण है। एक तरफ उन्होंने भारत की आजादी के अमृतकाल में रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता बल्कि निर्यातक की भूमिका निर्मित की है, वही दूसरी ओर स्वराज्य, नये भारत-विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाये हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। राजनाथ सिंह जैसे साहसी, निर्भीक एवं कद्दावरी नेताओं के कारनामों को दुनिया देख रही है, भारत अब पुराने वाले भारत नहीं रहा, जिसे दबाया जा सकता है। यह नया भारत है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई करवटें ले रहा है। इसका नवनिर्माण हो रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत की विश्वसनीयता है, राजनाथ सिंह ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की दृष्टि से दुनिया में इस विश्वसनीयता को निर्मित किया है। भारत के रक्षा उत्पाद दुनियाभर में निर्यात हो रहे हैं, उनकी गुणवत्ता, प्रभावशीलता एवं पूर्णता में दुनिया का विश्वास बढ़ रहा है, जो एक क्रांतिकारी उपलब्धि है। 'मेक इन इंडिया' दुनिया में परचम फहरा रहा है, सफलता की नई कहानी लिख रहा है। राजनाथ सिंह ने चीन और पाकिस्तान जैसे बाहरी खतरों के विरुद्ध रणनीतिक दृष्टिकोण ही नहीं अपनाया, बल्कि भारतीय रक्षा तंत्र को भी आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कार्य किए हैं। रक्षा उत्पादन नीति के अंतर्गत उन्होंने कई विदेशी उपकरणों की आयात पर रोक लगाई और 100 से अधिक रक्षा सामग्रियों को 'निषिद्ध सूची' में डालते हुए भारत में ही निर्माण को प्राथमिकता दी। 'मेक इन इंडिया' अभियान को बल देते हुए उन्होंने स्वदेशी फाइटर जेट तोप, और ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहित किया। देश के निजी उद्योगों को भी उन्होंने रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित किया और डीआरडीओ के साथ साझेदारी के नए मॉडल लागू किए। ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में उनकी दूरदृष्टि ने भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने का मार्ग दिया है। हाल ही में 2000 करोड़ के ड्रोन प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत उन्होंने न केवल सैन्य उपयोग के लिए बल्कि कृषि, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों के लिए भी ड्रोन विकास को गति दी है। पाकिस्तान के संदर्भ में उनका रुख अत्यंत स्पष्ट रहा है- "बातचीत तब ही संभव है जब आतंकवाद बंद हो और पाकिस्तान अपने गुनाह स्वीकार करे।" उन्होंने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान से कोई संवाद होगा, तो वह केवल पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर होगा। यह उनके नेतृत्व की स्पष्टता, साहसिकता और रणनीतिक स्थिरता को दर्शाता है। राजनाथ सिंह ने भारत की सामरिक नीतियों को केवल आक्रामकता ही नहीं दी, बल्कि संतुलन भी प्रदान किया है। उनका कहना है, "हम शांति के पक्षधर हैं, लेकिन यदि कोई हमें ललकारेगा, तो हम उसे जवाब देना जानते हैं।" यह भावना ही आज के भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित कर रही है। उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्रप्रेम ने उन्हें देश के सर्वोच्च नेताओं की श्रेणी में स्थापित किया है। राजनाथ सिंह का व्यक्तित्व विनम्रता, नीतिपरक दृढ़ता और संतुलित संवाद का उदाहरण है। वे विरोधी विचारों का सम्मान करते हैं लेकिन राष्ट्रहित से समझौता नहीं करते। इसी विचारधारा को उन्होंने रक्षा मंत्री बनने के बाद अपनी कार्यशैली में उतारा। बीते वर्षों में भारत जिन आतंकी चुनौतियों का सामना कर रहा है, उसमें राजनाथ सिंह का रुख न केवल स्पष्ट रहा है बल्कि निर्णायक भी। कोई आंख तरेर कर तो देखें! पर ललकार की मुद्रा में वे कठोर जबाव देते हैं।



हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने जिस तत्परता और आक्रामकता से 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, वह भारत की बदली हुई सैन्य सोच का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने चीन एवं पाक के दोगलेपन पर यह स्पष्ट किया कि "शांति केवल एक भ्रम है, हमें हर पल युद्ध जैसी तैयारी में रहना होगा।" इस अभियान में भारतीय वायुसेना और नौसेना की संयुक्त कार्रवाई ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त कर यह संदेश दे दिया कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं, प्रति-प्रहार की नीति पर चलेगा। उन्होंने यह भी उजागर किया कि इस बार की कार्रवाई में स्वदेशी हथियारों और ड्रोनों की प्रमुख भूमिका रही, जो उनकी 'आत्मनिर्भर भारत' रक्षा नीति की बड़ी सफलता है। जो नवनिर्माण की रफ्तार एवं नई कड़ी है। रक्षा मंत्री ने गर्व से बताया कि भारतीय सेना अब आयात पर निर्भर नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक से आतंकवाद को जवाब दे रही है। उनका मानना है कि सुरक्षा केवल सीमाओं की रक्षा नहीं है, बल्कि राष्ट्र के आत्मबल और तकनीकी सामर्थ्य को विकसित करना भी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के तकनीकी युग में, कंप्यूटर सूचना प्रौद्योगिकी, उपग्रह संचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रगति वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदल रही है। भारत ने इन नवाचारों को अपनाते हुए गतिशील आर्थिक परिदृश्य का निर्माण किया है। रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह आधुनिक युद्धकला में तेज गति से बदलाव कर रहे हैं एवं रक्षा में करिश्मा दिखा रहे हैं। उन्होंने युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) जैसी योजनाएं शुरू की हैं, जिसके माध्यम से उनके साथ-साथ देश के सपने भी साकार हो सकते हैं। भारत के पास विकास और सुरक्षा को लेकर एक विशिष्ट दृष्टिकोण है, जिसने रक्षा में आत्मनिर्भरता को एक प्रमुख राष्ट्रीय लक्ष्य बनाया है। राजनाथ सिंह के सफल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है, जिसके दूरगामी प्रभाव होंगे। राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से बदलते समय के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उच्च-स्तरीय तकनीकों पर नियंत्रण हासिल करने का आह्वान किया है, जिसका उद्देश्य उन्नत, अग्रणी और अत्याधुनिक नवाचार के क्षेत्र में भारत की स्थिति को और मजबूत करना है। भारत पहले कुछ कारणों से आधुनिक हथियारों और तकनीक के मामले में पीछे रह गया था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं दूरदर्शी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नये मंजिले-नये रास्तों की रफ्तार के साथ भारत अभूतपूर्व गति से रक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। सिंह ने रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई सोच एवं स्वदेशी उत्पाद को प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में देश में एक ऐसा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स तैयार हो रहा है, जो केवल भारत की जरूरतों को नहीं, बल्कि दुनिया में रक्षा निर्यात की संभावनाओं को भी मजबूत करेगा।

राजनाथ सिंह के पांच दशक के सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ाव के साथ हुई। छात्र राजनीति से लेकर मुख्यमंत्री, पार्टी अध्यक्ष, गृह मंत्री और फिर रक्षा मंत्री जैसे शीर्ष पदों तक पहुंचना उनके संगठनात्मक कौशल, राजनीतिक कर्मठता, प्रशासनिक नवाचार और वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनके 74वें जन्मदिवस पर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राजनाथ सिंह जैसे नेता ही भारत को एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सामर्थ्यवान राष्ट्र बनाने की दिशा में नेतृत्व दे रहे हैं। संस्कृति के अग्रदूत राजनाथ सिंह की दृष्टि में केवल वर्तमान नहीं, बल्कि भविष्य भी सन्निहित है। उनकी ईमानदारी, सादगी और राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। यह जन्मदिवस केवल एक व्यक्ति का उत्सव नहीं, बल्कि भारत की रक्षा-संस्कृति, नीति और विचारधारा के सशक्त होने का प्रतीक है।

चिंता

# भ्रष्टाचार से फलता फूलता है गोमांस का अवैध कारोबार

मनोज कुमार अग्रवाल



पंजाब के फगवाड़ा-गोराया के बीच हाईवे पर स्थित ज्योति ढाबे से दो दिन पहले क्विंटलों गोमांस बरामद किया गया. इस संबंध में विभिन्न हिंदू संगठनों के नेता और गौ रक्षक संस्थान के सदस्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने रोष व्यक्त किया. हिंदू संगठनों ने कहा कि ढाबे के अंदर एक बड़ा फ्रीजर बनाया गया था, जिसमें क्विंटलों गोमांस रखा हुआ था.आप जानते हैं कि गाय को हिन्दू माता मानते हैं। कहा जाता है कि गाय में 33 कोटि देवताओं का वास रहता है जो हर तरह से हमारी रक्षा करती है परंतु आज यही गौ माता समाज के एक वर्ग के लोगों के अत्याचारों का शिकार हो रही है।

2 जुलाई, 2025 को पंजाब के 'फगवाड़ा' में गांव 'चाचोकी' के निकट स्थित 'ज्योति वैष्णो ढाबा', जिसे अब सील कर दिया गया है, के पीछे कोल्ड स्टोरेज के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले तहखाने में गौमांस की 'प्रोसैसिंग फैक्टरी' तथा बड़ी मात्रा में पैक किए हुए गौमांस का पता चलने पर शहर में तनाव फैल गया।

इसका पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब तथा अन्य स्थानीय हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के अनुसार यहां प्रतिदिन क्विटलों के हिसाब से गौमांस की पैकिंग की जाती थी।इसी परिसर में एक कमरे के बाहर एक बर्तन में पकाया हुआ गौमांस भी बरामद हुआ है जिसके बारे में जानकारों का कहना है कि यहां 'गौमांस' को प्रोसैस करने वाले लोग स्वयं भी 'गौमांस' पकाकर खाते थे। यहां इतनी अधिक असहनीय दुर्गंध फैली हुई थी कि सांस लेना भी मुश्किल था।सवाल यह है कि हिन्दू संगठन के लोग इस अवैध धंधे को पकड़ रहें हैं फिर पुलिस क्या कर रही है। जाहिर है सारा अवैध गोमांस का धंधा कुछ पुलिस की गंदी मछलियों के संरक्षण में चल रहा है।

पुलिस ने इस मामले में शामिल कुल 17 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है तथा इस सिलसिले में 8 लोगों (लेबर) को गिरफ्तार करने के अलावा 29 क्विटल 32 किलो 'गौमांस' बरामद कर लिया है।इस अवैध गौमांस फैक्टरी में जहां उत्तर प्रदेश के रहने वाले 3 लोग शामिल बताए जाते हैं, वहीं इस रैकेट में 'म्यांमार' के 'रोहिंग्या' भी शामिल बताया गया हैं। इसका प्रमाण फगवाड़ा पुलिस द्वारा थाना सिटी में दर्ज की गई एफ. आई.आर. है जिसमें 'म्यांमार' के रहने वाले 'अरमान' नामक व्यक्ति का उल्लेख है।गौमांस की तस्करी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. आरोपियों में मुख्तयार आलम, आजाद, जाकिर हुसैन, रिहाना आलम और मिंजर अली मालदा पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं. अरशद उत्तर प्रदेश का और मदन शाह जालंधर जिले के गोराया का रहने वाला है।

'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' के राष्ट्रीय अध्यक्ष 'गुरप्रीत सिंह' ने 'शिवसेना पंजाब' के सीनियर उपाध्यक्ष 'इंद्रजीत करवल', 'अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति' के 'दीपक भारद्वाज' एवं अन्य गौभक्तों की मौजूदगी में बताया कि यहां 'गौमांस' की पैकिंग कर इसकी सप्लाई दिल्ली, श्रीनगर आदि विभिन्न स्थानों को भेजी जा रही थी।

फगवाड़ा पुलिस द्वारा दर्ज एफ.आई.आर. में उल्लेख किया गया है कि गौवंश को होशियारपुर रोड पर स्थित एक 'हड्डा रोड़ी' में काटा जाता था और वहां से गौमांस को बोनलैस करके उक्त फैक्टरी में डीप फ्रीज किया जाता था और गौवध तेजधार दातरों से नहीं, मोटर चालित आरियों से किया जाता था।

डी. एस. पी. 'भारत भूषण' का कहना है कि अभी पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है और ऐसा हो सकता है कि फगवाड़ा में ही गौवंश काटा गया हो तथा पुलिस गौमांस की फैक्टरी के आसपास के खेतों सहित होशियारपुर रोड पर मौजूद 'हड्डा रोड़ी' के पूरे इलाके की खुदवाई करवाएगी।

'फर्स्ट च्वाइस' ब्रांड नाम वाले 900 ग्राम वजन के 'गौमांस' के इन पैकेटों पर 'अरबी' और 'अंग्रेजी' भाषाओं में 'हलाल' तथा 'व्हील क्यूब्स' लिखा हुआ है। जानकारों के अनुसार 'व्हील' शब्द का प्रयोग 'गौमांस' विशेष रूप से छोटी आयु (6 महीने) के बछड़े-बछड़ियों के लिए किया जाता है जिसकी विदेशों में काफी कीमत मिलती है।

'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह के अनुसार पूरे पंजाब में ऐसी लगभग 14 फैक्टरियां चल रही है। इतने बड़े पैमाने पर गौवध किसी राजनीतिक संरक्षण के बिना चला पाना संभव नहीं है।

फगवाड़ा के विधायक बलविंद्र सिंह धालीवाल तथा गौभक्तों का आरोप है कि इस रैकेट में शामिल एक आरोपी की अवैध गतिविधियों के बारे में फगवाड़ा पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी गई थी परन्तु उनकी किसी ने नहीं सुनी तथा मामले को दबाया जाता रहा।

मामले में गुरुप्रीत सिंह पुत्र अवतार सिंह के बयानों पर मुकदमा दर्ज किया गया है. उन्होंने गुप्त सूचना देते हुए बताया कि फगवाड़ा से लुधियाना साइड जीटी रोड ज्योति ढाबे के बैकसाइड में बने हुए पैकिंग प्लांट में भारी मात्रा में गाय का मांस पैक किया जाता है. मांस काटने और पैकिंग का काम कई लोग करते हैं.

गौमांस की कटिंग हड्डा रोड, होशियापुर रोड (फगवाड़ा) में की जाती है. फिर ज्योति ढाबे की बैकसाइड गोदाम में बने पैकिंग प्लांट में उसकी पैकिंग की जाती है, जिसे दिल्ली और श्रीनगर तक सप्लाई किया जाता है.

गुरुप्रीत सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि अगर मौके पर जाकर छापा मारा जाए तो ज्योति ढाबे के बैकसाइड पैकिंग प्लांट से भारी मात्रा में पैक्ड गौमांस बरामद किया जा सकता है. इसी सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया. आज पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी.

कोर्ट ने पुलिस को आरोपियों की रिमांड दे दी. मामले में अभी आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की इनवोलवमेंट का भी खुलासा होने की संभावना है, जो गौमांस की तस्करी करते हैं.

फगवाड़ा में गौमांस की फैक्टरी का मिलना असंख्य हिंदुओं की आस्था से सीधा जुड़ा होने के अलावा कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अतः यथाशीघ्र इस मामले की तह तक जाकर आरोपियों तथा राज्य में चल रही अन्य ऐसी फैक्ट्रियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## फ्रिज की कूलिंग नहीं कर रहा काम हो सकती है ये बड़ी गलती

अगर आप चाहते हैं कि फ्रिज अच्छी तरह से ठंडा करे और ज्यादा गर्म न हो, तो उसे विंडो के पास रखना एक बेहतरीन विकल्प है। विंडो के पास रखने से फ्रिज से निकलने वाली गर्म हवा आसानी से बाहर निकल जाती है और वेंटिलेशन बेहतर हो जाता है। भीषण गर्मी में लोग ठंडी हवा और पानी के बिना परेशान हो जाते हैं। अक्सर देखा गया है कि इस चिपचिपी गर्मी में फ्रिज की कूलिंग भी कम हो जाती है। लोग सोचते हैं कि फ्रिज खराब हो गया है, जबकि हकीकत यह है कि फ्रिज को अगर सही जगह नहीं रखा गया हो, तो वह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाता। दरअसल, फ्रिज की कूलिंग इस बात पर भी निर्भर करती है कि वह कैसी जगह रखा है और उसके आसपास का तापमान कितना है।



**ऐसे कमरे में रखें फ्रिज जहां हो वेंटिलेशन**-फ्रिज को हमेशा ऐसे कमरे में रखें जहां पर्याप्त वेंटिलेशन हो। विंडो वाले कमरे या बालकनी से जुड़े कमरे में फ्रिज रखने से फायदा होता है क्योंकि ऐसे कमरे का तापमान संतुलित रहता है। अगर आपने फ्रिज को रखने के लिए कैबिनेट बनवाया है, तो उसमें भी पीछे और ऊपर की तरफ हवा के आने-जाने की पर्याप्त जगह रखें। वेंटिलेशन से फ्रिज का कंप्रेसर जल्दी ठंडा होता है और बिजली की खपत भी कम होती है।

**गैस स्टॉव के पास फ्रिज रखना हो सकता है नुकसानदायक**-अक्सर लोग फ्रिज को किचन में रखकर गलती कर बैठते हैं, खासतौर पर गैस स्टॉव के पास। यह बहुत ही नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि किचन का तापमान अन्य कमरों की तुलना में ज्यादा होता है। गैस स्टॉव से निकलने वाली गर्मी सीधी फ्रिज तक पहुंचती है, जिससे वह ठंडा होने में ज्यादा समय लेने लगता है। इससे न सिर्फ बिजली की खपत बढ़ती है, बल्कि कंप्रेसर पर भी अधिक लोड आता है। इसलिए फ्रिज को कभी भी गैस के पास न रखें।

**विंडो के पास रखने से मिलेगा बेहतर रिजल्ट**-अगर आप चाहते हैं कि फ्रिज अच्छी तरह से ठंडा करे और ज्यादा गर्म न हो, तो उसे विंडो के पास रखना एक बेहतरीन विकल्प है। विंडो के पास रखने से फ्रिज से निकलने वाली गर्म हवा आसानी से बाहर निकल जाती है और वेंटिलेशन बेहतर हो जाता है। इससे कंप्रेसर पर दबाव नहीं पड़ता और फ्रिज की कूलिंग क्षमता बरकरार रहती है।

**दीवार से दूर रखें फ्रिज, वरना बढ़ेगा खतरा**-फ्रिज को दीवार से सटाकर रखना सबसे बड़ी गलती हो सकती है। अगर फ्रिज के पीछे और साइड से हवा का प्रवाह नहीं होता, तो वह अधिक गर्म होने लगता है। इससे न केवल कूलिंग पर असर पड़ता है, बल्कि कंप्रेसर पर भी दबाव बढ़ता है और वह जल्दी खराब हो सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो फ्रिज को दीवार से कम से कम 2 से 2.5 इंच दूर रखना चाहिए ताकि उसकी हीट आसानी से निकल सके और वेंटिलेशन बना रहे।

**जगह का चुनाव ही बचा सकता है बड़ी मरम्मत से**-अगर आप चाहते हैं कि आपका फ्रिज सालों तक बढ़िया काम करे और उसमें कोई बार-बार दिक्कत न आए, तो सिर्फ मशीन पर ही नहीं, बल्कि उसकी लोकेशन पर भी ध्यान दें। सही जगह पर रखा गया फ्रिज न केवल अच्छी कूलिंग देता है, बल्कि बिजली की खपत भी कम करता है और मरम्मत की जरूरत भी कम होती है।

## सू-दोकू 103

सू- दोकू क्र.103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# तोंगपाल-केसलूर सड़क का बुरा हाल

## बदहाल सड़क से लोग हो रहे परेशान



**सुकमा।** जिले के तोंगपाल से लेकर केसलूर तक का राष्ट्रीय राजमार्ग जर्जर होता जा रहा है। बड़े-बड़े दावे और चार लेन रोड के सुनहरे वादे भाजपा सरकार की ओर से आए दिन सुनाई देते हैं, लेकिन हकीकत में सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा समेत कई नेता इस सड़क से गुज़र चुके हैं, लेकिन गड्ढों की भरपाई के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं दूसरी ओर, रेल लाइन विस्तार और चौड़ी सड़क की बातें की जा रही हैं, पर जो सड़क रोज़ाना इस्तेमाल होती है, उसपर ध्यान देने को कोई तैयार नहीं।

# संतोष बाफना ने की जगदलपुर में फार्मेसी कॉलेज खोलने की मांग

## मुख्यमंत्री, मंत्री और स्वास्थ्य सचिव को लिखा पत्र

**जगदलपुर।** फार्मेसी करने के इच्छुक युवाओं के लिए आदिवासी अंचल बस्तर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज की कमी को देखते हुए भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को पत्र लिखकर जगदलपुर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की मांग की है।



पूर्व विधायक बाफना ने कहा है कि, आदिवासी अंचल बस्तर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज न होने से यहाँ के युवाओं को फार्मेसी शिक्षा प्राप्त करने के लिए राजधानी रायपुर या फिर दूसरे राज्य की ओर अपना रूख करना पड़ रहा है और निजी फार्मेसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त करना हर किसी के लिए संभव नहीं है, खासकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज स्थापित करने की मांग के पीछे मुख्य उद्देश्य केवल इस आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के अवसरों को बढ़ाना और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को मजबूत करना है। ताकि बस्तर के युवाओं को फार्मासिस्ट, ड्रग इंस्पेक्टर, गुणवत्ता नियंत्रण विशेषज्ञ, चिकित्सा लेखक और नैदानिक अनुसंधान सहयोगी के रूप में तैयार करके अंचल के अंदरूनी क्षेत्र जो स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की कमी से जूझ रहे हैं उस कमी को पूरा किया जा सके और फार्मेसी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त और बेहतर भविष्य के लिए तैयार किया जा सके।

बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को एक बहुत बड़ी चुनौती बताते हुए बाफना ने आगे कहा है कि, इस आदिवासी अंचल बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए योग्य फार्मासिस्टों की अधिक आवश्यकता है और एक शासकीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के साथ युवाओं के विकास में वरदान साबित हो सकता है। एवं इसकी स्थापना से डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए यहाँ के स्थानीय युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी व उनके माता-पिता भी आर्थिक रूप से प्रभावित नहीं होंगे। इसके अलावा फार्मेसी क्षेत्र में अधिक योग्य पेशेवरों की उपलब्धता होने से बस्तर में फार्मेसी उद्योग के लिए निवेश को आकर्षित किया जा सकता है, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

## एक नजर

### प्रेरणा पथ कार्यक्रम में अधिकारियों ने छात्रों को दिए सफलता के सूत्र

**कोंडागांव।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित ष्लक्ष्य निरूशुल्क कोचिंगष् के अंतर्गत चल रही प्रतियोगी परीक्षाओं की मार्गदर्शन श्रृंखला ष्प्रेरणा पथष् में 5 जुलाई को एक प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई एवं सहायक संचालक उत्तम महोबिया (जनजातीय कार्य विभाग) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों ने कोचिंग में अध्ययनरत अभ्यर्थियों से संवाद करते हुए न केवल उनकी तैयारियों का जायज़ा लिया, बल्कि आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक स्पष्ट रोडमैप भी प्रस्तुत किया। भोई ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासित दिनचर्या और सही मार्गदर्शन सफलता की कुंजी हैं। चुनौतियाँ होंगी, लेकिन समाधान के रास्ते भी सदैव खुले होते हैं। वहीं महोबिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को बताया कि लक्षित अभ्यास, नियमित रिवीजन और आत्मविश्लेषण तैयारी को बेहतर बनाते हैं। दोनों अधिकारियों ने छात्रों से व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। इस संवादात्मक सत्र ने न केवल छात्रों की रणनीतियों को स्पष्ट किया, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी प्रतियोगी वातावरण के लिए सशक्त बनाया। प्रेरणा पथ जैसे कार्यक्रमों से अभ्यर्थियों को दिशा ही नहीं, बल्कि सफलता का संबल भी मिल रहा है।

### 3 कृषि केंद्रों को नोटिस



**कोंडागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार आज उप संचालक कृषि जिला कोण्डागांव डी.पी. तांडे एवं डी.के. शर्मा, सहायक संचालक कृषि, आंनद राम नेताम निरीक्षक उर्वरक, बीज, पौध संरक्षण दवा द्वारा ग्राम जुगानी कैम्प, विकासखण्ड- फ़रसगांव में मंडल कृषि सेवा केन्द्र, आकाश कृषि सेवा केन्द्र एवं स्वास्तिक कृषि केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाक बुक, कैश मेमो निर्धारित प्रपत्र न होने और मूल्य सूची प्रदर्शित न होने व अन्य अनियमितताओं के कारण उक्त केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एकलव्य विद्यालय परिसर में मां के नाम पर लगाए पौधे



**दंतेवाड़ा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. अम्बस्ट, जिला आयुक्त श्याम लाल शोरी, शैनी रविन्द्र (सहायक राज्य आयुक्त गाइड) मार्ग दर्शन में एकलव्य विद्यालय परिसर दंतेवाड़ा में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य के उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर जिले के स्काउट, गाइड्स पदाधिकारी एवं स्काउट्स एवं गाइड्स मौजूद थे। इसके साथ ही उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रकृति की सुरक्षा संबंधी शपथ समस्त स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा लिया गया।

### कलेक्टर ने किया दरभा के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस सोमवार को दरभा के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित लैब परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने दरभा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए जर्जर भवन का डिस्मेंटल करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। हॉस्पिटल के खराब भवन को भी नया बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने भी कहा। कलेक्टर ने दरभा के पंचायत भवन और लाइब्रेरी के लिए चिन्हांकित जमीन का भी अवलोकन किया।

### सड़क विकास कार्यों को नवंबर तक करें पूर्ण : कलेक्टर

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने लोक निर्माण विभाग के भवन एवं सड़क डिवीजन 1 एवं 2 सहित लोक निर्माण विभाग (विद्युत) और ब्रिज निर्माण के कार्यों की समीक्षा आस्था सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के भाग एक-दो के बजटीय कार्यों में भवनों के निर्माण कार्यों, सड़क निर्माण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर सड़क विकास कार्यों को नवंबर तक पूर्ण करवाएं। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय बजट के कार्य, डीएमएफटी मद के विकास कार्यों, सीएसआर मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की और भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों पर समीक्षा किए।

# शिविर में मां के नाम पर रोपे गए 200 पौधे

**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिपावंड में स्काउट गाइड शिविर के समापन अवसर पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुल 200 पौधों का वितरण किया गया, जिन्हें विद्यालय परिसर में रोपा गया। साथ ही बच्चों को अपने घरों में भी पौधे लगाने हेतु दिए गए। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बच्चों को प्रेरित किया और अपने संबोधन में कहा, ÷हर व्यक्ति को एक पेड़



अवश्य लगाना चाहिए, ताकि वह अपने हिस्से की ऑक्सीजन स्वयं तैयार कर सके।÷ साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर भी बल दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ कृषि के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर पन्ना ने नागेन्द्र पोयाम, सहेजस दहिकोंगा, तुष्कर पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरा,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चीपावंड के विद्यार्थी निराली मण्डल और प्रज्ञा साहू से वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण विषय पर संवाद किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, स्काउट गाइड, शाला प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, पंच, सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# चार साल से भवन अपूर्ण, झोपड़ी में चल रहे स्कूल और आंगनबाड़ी

## पंचायत सचिवों की लापरवाही से बच्चों का भविष्य खतरे में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित मढ़ोनार ग्राम पंचायत में अधूरे स्कूल और आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को पूरा कराने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य राकेश उसेण्डी ने जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई से गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मढ़ोनार में वर्ष 2021-22 में तीन निर्माण कार्य स्वीकृत हुए थे, जो आज दिनांक तक अपूर्ण हैं।

इन अधूरे निर्माण कार्यों में प्रा. शाला कावानार, आंगनबाड़ी केन्द्र होड़नार और आंगनबाड़ी केन्द्र कचोरा शामिल हैं। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत मढ़ोनार के तात्कालिक



सचिव छोटेलाल प्रसाद और रामसिंह बड़दा के कार्यकाल में उक्त स्वीकृत कार्य को आज दिनांक तक पूर्ण नहीं कराया गया है। इसके कारण उक्त निर्माणाधीन भवन में घास, जंगल और झाड़ी उग चुके हैं।

ग्राम पंचायत सचिव की लापरवाही का खामियाजा स्कूल



और आंगनबाड़ी के बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। इससे उनकी पढ़ाई और पोषण आहार पर असर पड़ रहा है।

वर्तमान में बारिश होने के कारण और भवन अपूर्ण होने के कारण स्कूल और आंगनबाड़ी का संचालन झोपड़ी में किया जा रहा है।

**जिला कलेक्टर का आश्वासन**

जिला पंचायत सदस्य राकेश उसेण्डी ने जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई से मांग की है कि उक्त निर्माण कार्यों की जांच कराकर दोषी पंचायत सचिवों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। इस पर जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**ग्रामीणों की मांग**

ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि स्कूल और आंगनबाड़ी का संचालन सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई और पोषण आहार में सुधार होगा।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के लिए बीएलओ व सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आज प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र दंतेवाड़ा के अंतर्गत आने वाले तहसील बारसूर एबं कुआकोंडा के मतदान केंद्रों में नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर शामिल थे। इस दौरान निर्वाचक नामावली में फार्म 6 नाम जोड़ने के लिए फार्म 7 विलोपन जैसे स्थानांतरण विवाह मृत्यु होने पर फार्म 8 त्रुटि सुधार जैसे नाम जन्म तिथि स्थानांतरण डुप्लीकेट फोटो परिचय पत्र दिव्यांग मतदाता चिन्हांकित करना आदि एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण किए जाने के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ बीएलओ को घर-घर सर्वे के दौरान मतदाताओं से विनम्रता पूर्वक परिचय देते हुए निर्वाचन संबंधी कार्य के बारे में जानकारी लेने के बारे में कहा गया।

## न्यौता भोज




**सुकमा।** 07 जुलाई को आनंद कुमार नक्का, उप सरपंच, ग्राम पंचायत गोंगला के द्वारा उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्राथमिक / माध्यमिक शाला गोंगला एवं आंगनबाड़ी केंद्र गोंगला और तेलंगा पारा गोंगला के नन्हें मुन्ने बच्चों को स्वलपाहार वितरण कर न्योता भोज के रूप में अपना जन्मदिन मनाया गया। शाला परिवार इस नेक कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद प्रदान करता है। साथ ही समस्त शाला परिवार एवं समस्त नन्हें मुन्ने बच्चों की ओर से उप सरपंच महोदय आनंद कुमार नक्का को जन्मदिन की बधाई देता है।

# मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 10 दिन के लिए निलंबित

**कोंडागांव।** जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स में औषधियों की गुणवत्ता, खरीदी-बिक्री और दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेश और कलेक्टर कोंडागांव के निर्देशानुसार की जा रही है।

इसी क्रम में औषधि निरीक्षक सुखचौन सिंह धुर्वे द्वारा कोंडागांव ब्लॉक अंतर्गत बप्पी मेडिकल स्टोर, किबईबालेगा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल-एच और अन्य दवाओं की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

उल्लंघन के मद्देनज़र फर्म संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने बप्पी मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस 10 दिवस के लिए निलंबित कर दिया है। औषधि निरीक्षक धुर्वे ने जानकारी दी कि जिले में सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण जारी है और संदिग्ध औषधियों के नमूनों को औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा जा रहा है।

# ग्रामीण विकास की धुरी हैं पंचायत सचिव : मिथिलेश

## पंचायत सचिव संघ ने मनाया सचिव पदस्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** पंचायत सचिव पदस्थापना दिवस का जिला स्तरीय आयोजन गीदम ब्लॉक के मड़से में सोमवार को किया गया। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ की जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जिले के उप संचालक पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग मिथिलेश किसान ने कहा कि पंचायत सचिव शासन की रीढ़ और ग्रामीण विकास की धुरी हैं। उनकी वजह से ही योजनाएं धरातल तक पहुंच पाती है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों को समय के साथ तकनीक के उपयोग के प्रति अपग्रेड होने की जरूरत है। सचिवों के वेतन



भुगतान में देरी नहीं हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। सचिवों की अन्य समस्याओं के निवारण का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। गीदम जनपद सीईओ बलराम ध्रुव ने सचिव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी, बरसात में काम करने वाले सचिवों की मेहनत से ही योजनाएं सफल होती हैं।

# स्थानांतरण पर अधीक्षक को जेल परिवार ने दी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जी.एस.शोरी जेल अधीक्षक (चालू प्रभार) जिला जेल दंतेवाड़ा को शासन द्वारा स्थानांतरित कर जिला जेल रायगढ़ में पदस्थ किया गया। उनके स्थान पर अलोइस कुजूर जेल अधीक्षक (चालू प्रभार) द्वारा आज दिनांक 07.07.2025 को जिला जेल दंतेवाड़ा में कार्यभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर जी.एस.शोरी प्रभारी जेल अधीक्षक को जेल अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आत्मीय विदाई दिया गया।



अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा जी.एस.शोरी के साथ बिताये लम्हों को याद किया गया तथा उनके स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। जी.एस.शोरी द्वारा जेल की सुरक्षा निरक्षर बंदियों को साक्षर करने, बंदियों को डिजीटल साक्षर करने, कम्पयूटर प्रशिक्षण एवं कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत बंदियों को विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों सिलाई प्रशिक्षण, राजमिस्त्री, कम्पयूटर प्रशिक्षण, दो पहिया वाहन मैकेनिक, फस्ट फूड प्रशिक्षण, इलेक्ट्रिशियन, बागवानी का प्रशिक्षण प्रदाय करने में विशेष ध्यान दिया गया। वर्ष 2018 में साक्षरता के क्षेत्र में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा को नई दिल्ली में उप राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें जिला जेल दंतेवाड़ा में साक्षरता हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रम का विशेष रूप से रेखांकित किया गया था तथा गूगल के बिजनेस न्यूज में जेल में डिजीटल साक्षरता हेतु किये गये प्रशिक्षण कार्यों को स्थान मिला। जी.एस.शोरी को बंदियों को शिक्षित करने तथा बंदियों को अपराध की दुनिया को छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु किये गये विशेष प्रयास के लिये हमेशा याद किया जावेगा।

## 11 जुलाई से श्रावण मास की शुरुआत, पहला सोमवार 14 को


# दक्षिण बस्तर के सभी शिव मंदिरों में हो रही तैयारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** देवों के देव महादेव भगवान भोलेनाथ की भक्ति और उपासना का सबसे प्रिय मास सावन की शुरूआत बस होने ही वाली है। पवित्र श्रावण मास को लेकर भक्तों में भी काफी उत्साह है। सावन मास में पुरे एक महिने तक शिव भक्त भगवान महादेव की आराधना पूजा में लीन रहेंगे। श्रावण मास का प्रथम श्रावणी सोमवार 14 जुलाई को पड़ेगा जो भगवान महादेव के भक्तों के लिए आस्था और श्रद्धा का संदेश लेकर आ रहा है। दक्षिण बस्तर के ऐतिहासिक और नए संदर्भो के शिवालयों में भगवान शिव की आराधना की तैयारी पुरी हो चुकी है। आने वाले पहले सोमवार की पहली सुबह से ही भक्तगण भगवान भोलेनाथ के दरबार में



जुटेंगे। दक्षिण बस्तर में भगवान शंकर के आराधना की समृद्ध शाली परंपरा रही है। इसके प्रमाण यहां के ऐतिहासिक शिवालयों से मिलते हैं। दक्षिण बस्तर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रूपों में भगवान नीलकंठ विराजमान हैं। भूत भावन भगवान महादेव यहां के रहवासियों के सुख दुख में हमेशा साथ रहे हैं। क्षेत्र के उत्थान पतन के साक्षी बनकर नया रास्ता भी भगवान त्रिनेत्र ने



दिखाया है। अपने अद्भूत जल लहरी के लिए समलूर का शिव मंदिर विख्यात है। सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर में बेजोड़ कारीगरी अभी भी झलकती है। दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय से लगभग 15 किमी दूर गीदम ब्लाक के इस छोटे से गांव में स्थित इस मंदिर में सावन सोमवार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। समलूर के पास ही गुमरगुंडा का आश्रम है। यहां के शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। भैरमगढ़ के शिव मंदिर, दंतेवाड़ा का भैरमबाबा मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। बारसूर में बत्तीसा मंदिर और उसके आगे तुलार गुफा में भी भगवान शंकर विराजित हैं। यह काफी दुर्गम स्थल है। यहां पहले सावन मास और शिवरात्रि पर श्रद्धालु जुटते थे, लेकिन नक्सल दहशत के चलते अब लोग यहां नहीं पहुंच पाते। शिवरात्री पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु तुलार गुफा बाबा के दर्शन के लिए जाते हैं। आधुनिक संदर्भो में बचेली और किरंदुल के विशाल शिवमंदिर भी दर्शनीय हैं। इसके साथ ही दंतेवाड़ा शहर के सभी शिवालय को भी आने वाले सावन सोमवार के लिए आकर्षक ढंग से सजाए जा रहे हैं। इस वर्ष सावन मास में कुल 4 सावन सोमवार पड़ेगा। प्रथम श्रावणी सोमवार 14 जुलाई को पड़ेगा इस दिन भगवान शिव की आराधना के लिए श्रद्धालु अपने सहुलियत अनुसार अलग अलग स्थानों में स्थित शिव मंदिरों में शिव पूजन के लिए पहुंचेंगे। शिव मंदिरों में भगवान शिव को जलाभिषेक करने कांवडिए पवित्र जल लेकर कांवड यात्रा निकालेंगे जिसकी तैयारी भी चल रही है।

### सौभाग्य का प्रतीक होता है श्रावण सोमवार

ज्योतिषविद एवं पंडितों की ऐसी मान्यता है कि श्रावण सोमवार सौभाग्य का प्रतीक होता है। शिव में से यदि ई ऊर्जा विलोपित कर दी जाए, तो शव शेष रहता है। अर्थात शिव में ही शक्ति समाहित है। अतः शिव पूजन से शक्ति भी संतुष्ट होती है। शास्त्रों में शिव पूजन के पांच अंग बताए गए हैं, अभिगमन, उपादान, योग, स्वाध्याय व इज्या। शिव भावपरक देवता हैं। अतः उनके पूजन में विविध कर्मकांडों की जगह समर्पण और निष्ठा उन्हें शीघ्र प्रसन्न करती है। नारद पुराण के अनुसार जो पुष्प भगवान विष्णु के लिए मान्य है। वे ही अर्पित किए जा सकते हैं। बिल्व पत्र शिवलिंग पर अर्पित करते हुए सावधानी रखना चाहिए कि पत्र का मुख्य भाग नीचे की ओर हो तथा तर्जनी का स्पर्श बिल्व पत्रों में कदापी न हो।

# भानुप्रतापपुर थाने से आरक्षक का लैपटॉप चोरी

**कांकेर,8 जुलाई।** जिले के भानुप्रतापपुर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि वे अब अपना शिकार पुलिसकर्मियों को बना रहे हैं। चोरों में लगता है अब पुलिस का खौफ ही नहीं रहा, तभी तो पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच थाने के अंदर से लैपटॉप चुरा ले गये। इस घटना के बाद से थाने के टीआई और पूरे स्टॉप की जमकर किरकिरी हो रही है। बताया जा रहा है कि लैपटॉप थाने के पुलिसकर्मी का था।

दरअसल, ये पूरा मामला भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र का है। 3 जुलाई को भानुप्रतापपुर थाने के पीड़ित आरक्षक ने काम खतम करने के बाद अपने मेज के दराज में लैपटॉप रखकर रात साढ़े 9 बजे घर चले गये। अगले दिन सुबह थाने पहुंचे और दराज खोलकर देखे तो लैपटॉप गायब था। पुलिस थाने के अंदर से लैपटॉप चोरी होने की घटना आग की तरह पूरे थाने में फैल गई। पुलिसकर्मियों ने थाने के अंदर हर जगह लैपटॉप खोजना शुरू किया, लेकिन लैपटॉप नहीं मिला। थाने जैसे सुरक्षित जगह से पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच किसी ने लैपटॉप पार कर दिया। यह अपने आप में थाने के पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इधर, थाने के कांस्टेबल ने इसकी लिखित शिकायत कांकेर एसपी और थाने के टीआई से की है। साथ ही मामले में जाँच-कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। बता दें कि पिछले कुछ समय से भानुप्रतापपुर में चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। बीते दिनों थाने से कुछ ही दूरी पर राम जानकी हनुमान मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसकी शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन अभीतक के चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है।

## मुख्यमंत्री ने इनामी माओवादी डिप्टी कमांडर के न्यूट्रलाइज होने पर सुरक्षाबलों को दी बधाई



**रायपुर, 7 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर के बीजापुर जिले में माओवादियों की पीएलजीए बटालियन के 8 लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना को सुरक्षा बलों द्वारा न्यूट्रलाइज किए जाने पर सुरक्षाबलों के अदम्य साहस, सटीक रणनीति और जनसहभागिता की सराहना की है।उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने का मिशन निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान में पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटी है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कार्रवाई हमारे वीर सुरक्षाबलों के पराक्रम और सुनियोजित अभियानों का जीवंत उदाहरण है। सुरक्षाबलों की निरंतर और निर्णायक कार्रवाइयों ने नक्सल संगठन की रीढ़ तोड़ दी है। आज नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार पूरी दृढ़ता के साथ यह अभियान जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य के हर क्षेत्र में लोकतंत्र, विश्वास और प्रगति की विजय सुनिश्चित होगी।

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रिक्त सीटों की मेरिट सूची जारी

**रायगढ़, 8 जुलाई।** जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में 58 पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन पश्चात दावा-आपत्ति जारी किया गया। दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत एक पद के विरूद्ध तीन अभ्यर्थी में मेरिट सूची जिले के वेबसाईट https://raigarh.gov.in में जारी की गई है। मेरिट सूची अनुसार अभ्यर्थी 13 जुलाई 2025 रविवार को प्रात 10.30 बजे से पीएम श्री शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल, रायगढ़ में अपने मूल दस्तावेज (कक्षा 8 वीं से अंत तक की अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित अनुभव प्रमाण-पत्र, जाति, निवास आदि)एवं उसकी छायाप्रति के साथ अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। दस्तावेज सत्यापन के दौरान जिन पदों पर पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलेंगे उन पदों पर पुनः 1:3 में (पात्र सूची से पुनः मेरिट सूची तैयार कर जिसमें वर्तमान मेरिट सूची के अभ्यर्थी नहीं रहेंगे)दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थी आमंत्रित किए जायेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 21 जुलाई तक आवेदन

**रायगढ़, 8 जुलाई।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया, जिला-रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 आंगनबाड़ी केन्द्र नया मोहल्ला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र ठुसेकेला घसियापारा, बोतल्दा शांतिनगर, खडगांव बैगापारा एवं कुर्रू बस्तीपारा में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद रिक्त है। इच्छुक आवेदिका उक्त पदों के लिए अपना आवेदन 21 जुलाई 2025 को शाम 5.30 बजे तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, खरसिया में सीधे जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कौशल परीक्षा 12 एवं 13 जुलाई को

**रायपुर 8 जुलाई।** शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 12 जुलाई 2025 को अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से होगी। यह परीक्षा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं बस्तर संभाग में चयनित 05 परीक्षा केन्द्रों पर तथा दिनाँक 13 जुलाई 2025 को हिन्दी मुद्रलेखन गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से होगी। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं बस्तर संभाग में चयनित 07 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित होगी। परिषद द्वारा आबंटित परीक्षा केन्द्रों पर ही निर्धारित बैच एवं समय पर ही परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी परिषद की वेबसाईड https://ctsp.cg.nic.in/ पर उपलब्ध है। शीघ्र लेखन, मुद्र लेखन, कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद के सचिव ने बताया कि प्रवेश पत्र डाऊनलोड करने संबंधी सूचना परीक्षार्थियों के पंजीकृत मोबाईल नं. एसएमएस पर सूचना भेजी गई।

### अब इलाज के लिए कर्ज की चिंता से मिली मुक्ति आयुष्मान कार्ड योजना से मिल रही राहत

**रायपुर, 8 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्त्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अब जनजीवन में परिवर्तन की एक सशक्त मिसाल बन चुकी है। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के हजारों परिवारों को इस योजना ने इलाज का भरोसा और जीवन की नई उम्मीद दी है।बलरामपुर जिला के ग्राम महावीरगंज निवासी श्री अर्जुन सिंह , जो एक सामान्य कृषक हैं। श्री सिंह मधुमेह से पीड़ित हैं उनके पैर में कुछ समय पूर्व एक गहरा घाव हो गया था, जो आगे चलकर डायबेटिक फूट में तब्दील होने लगा। डॉक्टरों के अनुसार अगर समय पर इलाज नहीं होता, तो उनके पैर को काटना पड़ सकता था।चिकित्सक ने बताया कि इलाज का अनुमानित खर्च 45,000 रुपये था, जो उनके लिए असंभव था। लेकिन उनका आयुष्मान कार्ड जीवन रक्षक बनकर सामने आया। बलरामपुर जिला अस्पताल में उनका संपूर्ण इलाज निःशुल्क हुआ और अब वे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। श्री अर्जुन सिंह ने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा, अगर आयुष्मान योजना नहीं होती तो मैं अपना पैर खो चुका होता, इस कार्ड ने मेरी जिंदगी बचाई है।स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में लगभग 07 लाख 11 हजार 252 आयुष्मान कार्ड और 10 हजार 970 वय वंदन कार्ड बनाए जा चुके हैं। इनमें से 1 लाख 8 हजार 648 से अधिक लोग विभिन्न बीमारियों में निःशुल्क उपचार का लाभ ले चुके हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# 355 रिक्त पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 9 जुलाई को

**बलरामपुर 8 जुलाई ।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 9 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में प्रातः 11 से दोपहर 3:00 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक-आवेदिका निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एक सेट छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है।

आयोजित प्लेसमेंट कैंप में फीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी,हवेली रेस्टोरेंट,अमित मोटर्स,आकाश एग्रो इण्डस्ट्रीज, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी, श्रीराम एग्रो एजेंसी,मॉ अम्बे ट्रेक्टर्स, आर्यन ट्रेडर्स,सुमित ट्रेडर्स, अश्रव सिक्योरिटी एच आर सर्विस प्रा.लि.कंपनी, जीनस पॉवर इन्फ्रास्टक्चर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बलरामपुर उपस्थित होंगे।

प्लेसमेंट कैंप में ऑफिस टीचर के 5, वेटर के 4, रिसेप्शनिस्ट के 1, क्लीनर के 2, वेल्डर के 7, लेथ मशीन ऑपरेटर के 1, हेल्फर के 2, शॉपवर्कर्स के 2, डीईएसओ के 6, टीएसएम के 4, बीओई के 2, एसएम के 2, कलेक्शन ऑफिसर के 2, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2, मैनेजर के 1, सेल्स बॉय के 1, काउंटर के 1 बॉय,कैशियर के 1, अस्सिटेंट नर्स के 100, एचआर एग्जीक्यूटिव के 5, ऑफिस अस्सिटेंट के 2, सिक्योरिटी गार्ड के 50, बिलिंग एग्जीक्यूटिव के 5, टेक्नीशियन के 140, सुपरवाईजर के 7 पदों पर भर्ती की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलरामपुर में सम्पर्क नंबर 78312-99158, 75877-20774 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ई-ऑफिस से फाइल को आगे बढ़ाएं विभाग:कलेक्टर

**कोरबा 8 जुलाई ।** राज्य शासन के दिए गए निर्देशों के तहत ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में आज प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टोरेट के सभी शाखाओं के कर्मचारियों को ई-ऑफिस के संचालन और किसी फ़ाइल को एक शाखा से दूसरे शाखा में प्रेषित करने, ऑनलाइन नोटशीट बनाने और फ़ाइल अटैचमेंट करने के संबंध में एनआईसी के अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल द्वारा पीपीटी तथा पोर्टल में गतिविधियों का संचालन कर बताया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने अपने कार्यालय से डिजिटल हस्ताक्षर कर फ़ाइल की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभाग और शाखा ई-ऑफिस के माध्यम से फ़ाइल आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि किसी भी ऑफिस में फ़ाइल का मूवमेंट समय सीमा में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित हो। भविष्य में किसी भी कार्यालय के कामकाज को व्यवस्थित ढंग से करने में भी ई ऑफिस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने शाखा प्रभारी और प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों से कहा कि ई-ऑफिस के हर अनुदेश को अच्छे से समझते हुए इसका सावधानी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक दौर में समझने में भले ही कुछ कठिन लग सकता है लेकिन इसमें कार्य करना आसान है। इसे सीखने के पश्चात कार्य करने में आसानी होगी और शाखाओं से निकलने वाली फाइल, शाखाओं को प्राप्त होने वाली फ़ाइल का ऑनलाइन रिकॉर्ड रहेगा।

# बीज और उर्वरकों की गुणवत्ता जांच के लिए निरीक्षण अभियान जारी



**बीजापुर 8 जुलाई ।** किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज और रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीजापुर जिले में निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उपसंचालक कृषि के निर्देशानुसार यह निरीक्षण जिले की सभी आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों (लैम्प्स) एवं निजी कृषि सेवा केंद्रों में किया जा रहा है।इस अभियान के तहत सहायक संचालक कृषि श्री कृष्ण कुमार सिन्हा एवं निरीक्षक श्री श्रीनिवास मरकेला द्वारा समितियों एवं केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी, भंडारण व्यवस्था और वितरण पंजी की सूक्ष्मता से जांच की गई और आवश्यक जानकारी संकलित की गई।केंद्रों से उर्वरक और बीज के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए हैं, ताकि उनकी गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को कम गुणवत्ता वाले या दोषपूर्ण बीज और उर्वरक न मिलें।श्री सिन्हा ने बताया कि कृषि विभाग किसानों के हित में पूरी तरह सजग है और खरीफ सीजन में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा कालाबाजारी, अवैध भंडारण और वितरण प्रणाली में अनियमितता पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। यह निरीक्षण अभियान जिले के सभी समितियों और सेवा केंद्रों में चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा ताकि पारदर्शी और निष्पक्ष वितरण प्रणाली सुनिश्चित की जा सके।

# मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी

**कोरबा,8 जुलाई ।** मानसून की बारिश शुरू होने के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी की मार से राहत तो मिली हैं लेकिन मौसमी बिमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। दरअसल बरसात के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव होने से बैक्टीरिया का प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है और वह सर्दी या फ्लू का शिकार हो जाता है।बच्चों से लेकर बड़ो तक किसी भी आयु के व्यक्ति को मौसमी बिमारियॉं हो सकती है। इसलिए बरसात के मौसम में अपने शरीर को सुरक्षित रखने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो और वह बिमारियों से लड़ने में सफल रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने बताया कि वर्षाकाल में मच्छरों की भरमार होने के साथ ही इनसे जनित बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मच्छरों से फैलने वाली बिमारियों में मलेरिया, डेंगू,हैजा, टाईफाईड, हेपेटाईटिस ए आदि शामिल हैं। बरसात के मौसम में मलेरिया से अधिक लोग ग्रस्त रहते हैं, बारिश का पानी भरे रहने पर उसमें मच्छरों की प्रजनन क्रिया होती है। डेंगू बुखार जानलेवा माना जाता है जो कि एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। हैजा(डायरिया) एक जलजनित संक्रमण है जो शरीर में कालरा फैलाता है इस रोग के होने पर दस्त व निर्जलीकरण की समस्या हो सकती है।डायरिया एक संक्रामक रोग है जो सभी विकासशील देशों में व्यापक है। यह तीन साल से कम उम्र के बच्चों को हर साल औसतन तीन बार होता है। डायरिया कुपोषण का एक प्रमुख कारण होता है और कुपोषित बच्चों को डायरिया से बिमार पड़ने की संभावना अधिक रहती है। टाईफाइड बुखार दूषित भोजन व पानी से होता है। हेपेटाईटिस ए संक्रमण दूषित पानी व भोजन के कारण होता है। यह बिमारी लिवर को अधिक प्रभावित करती है। बारिश में त्वचा संबंधी कई तरह के रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है। खुजली , जलन और रूखी त्वचा की समस्या होने लगती है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नें बरसात के मौसम में बिमारियों से बचाव के उपाय बताए हैं। उन्होने बताया कि बेहतर स्वच्छता का उपयोग करें तथा खाना खाने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से हॉथ धोना चाहिए। नाखूनों को हमेशा छोटा और साफ रखना चाहिए।बरसात के मौसम में पानी को उबालकर पीना उचित होता है सीधे नल का पानी नहीं पीना चाहिए।बाहर के स्ट्रीट फूड खाने के बजाय घर का बना ताजा भोजन ले।अत्यधिक मसालेदार भोजन का सेवन से बचना चाहिए । सब्जियों तथा फलों को धोकर उपयोग करना चाहिए। कटे फल , दही , रायता जैसे कच्चे भोजन खाने से बचें तथा घर से बाहर गोलगप्पे, चाट तथा दही खाने से बचें। संक्रमण व बुखार से बचने के लिए अदरक, तुलसी , कालीमिर्च, दालचीनी, इलायची की चाय बनाकर पीनी चाहिए। मानसून में त्वचा संबंधी रोग की समस्या से बचाव के लिए बारिश में भीगने पर तुरंत कपड़े बदल लेने चाहिए।

# ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत से सरकारी कामकाज होगा अब पारदर्शी और कागज रहित

**बीजापुर 8 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुसार कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के नेतृत्व में बीजापुर जिले में शासकीय कामकाज को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत की गई है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान की दिशा में एक ठोस कदम है, जो शासन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और नागरिकों को त्वरित सेवाएं प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो शासकीय कार्यालयों में कागज रहित कामकाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से अब जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यालयीन कार्य डिजिटल रूप से संचालित होंगे।

# सुदूर वनांचल के स्कूल हुए गुलजार




**रायपुर, 8 जुलाई।** प्रदेश में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से छत्तीसगढ़ के सुदूर जिलों में शिक्षा व्यवस्था सशक्त हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही इस पहल से सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के विद्यालयों में भी सकारात्मक बदलाव नजर आने लगी है। कभी नक्सलियों के बंदूक की आवाज सुनाई देती थी, अब वहां शिक्षा की अलख सुनाई देती है। अब विद्यार्थियों को नियमित, विषय विशेषज्ञ और प्रशिक्षित शिक्षकों से शिक्षा मिल रही है, जिससे पढ़ाई का स्तर निरंतर सुधर रहा है।

सुकमा जिला के विकाखण्ड जिला शिक्षाधिकारी छिंदगढ़ ने बताया कि शासन द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किए गए युक्तियुक्तकरण से इन विद्यालयों में अब शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित हो चुकी है। इससे न केवल विद्यालयों में नियमित पढ़ाई हो रही है, बल्कि बच्चों की रुचि भी बढ़ी है और शिक्षकों का कार्यभार भी संतुलित हुआ है।विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार छिंदगढ़ विकासखंड में कुल 390 शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 288 प्राथमिक, 82 माध्यमिक, 13 हाई स्कूल और 07 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। युक्तियुक्तकरण से पूर्व यहां 08 विद्यालय शिक्षकविहीन थे और 96 विद्यालय एकल शिक्षक पर निर्भर थे। यह स्थिति बच्चों की शिक्षा के स्तर को प्रभावित कर रही थी।शिक्षक युक्तियुक्तकरण की यह पहल न केवल स्कूलों में शिक्षा का वातावरण सुदृढ़ कर रही है, बल्कि इससे ड्रॉपआउट दर में कमी और परीक्षा परिणामों में सुधार भी देखने को मिल रहा है। सरकार का यह प्रयास निश्चित रूप से राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में लेटरल एंट्री से प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को

**कोरबा, 8 जुलाई।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 7 वी, 8 वी, 9 वीं एवं 11 वीं में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 07 जुलाई तक आवेदन पत्र मंगाये गये थे। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में होगी। तथा प्रवेश पत्र का वितरण 11 जुलाई को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में की जायेगी। किसी कारणवश प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होने की स्थिति में परीक्षा तिथि 12 जुलाई को सुबह 09 बजे से 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र से प्राप्त किया जा सकता है।

# जिले की चारों जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 14 से 17 जुलाई तक

**बीजापुर 8 जुलाई ।** निजी क्षेत्र के संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने के इ'छुक समस्त 18 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अर्हताधारी आवेदकों का चयन कर सिक्युरिटी गार्ड के लिए 150 पद, सुपरवाईजर के लिए 60 पद, सीसीटीव्ही ऑपरेटर के लिए 10 पद एवं हाऊस किपींग के लिए 70 पद सहित कुल 290 पदों पर भर्ती किया जाना है। इस हेतु जनपद पंचायत भोपालपटनम के सभाकक्ष में 14 जुलाई 2025 को प्रातः 11:00 बजे से शाम 0×:00 बजे तक। इसी तरह 15 जुलाई को जनपद पंचायत बीजापुर के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कलेक्टर परिसर बीजापुर में, 16 जुलाई को जनपद पंचायत भैरमगढ़ के सामुदायिक भवन ग्रामीण बैंक के पास एवं 17 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत उसूर के कार्यालय सभाकक्ष में।उक्त भर्ती हेतु योग्य एवं इ'छुक अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों के साथ प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9826641162, 9059960×4× में संपर्क कर सकते हैं तथा जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

# बारिश को देखते हुए राहत एवं बचाव दल को सतर्क रहने के निर्देश

**महासमुंद,8 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार आज जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं श्री रविराज ठाकुर एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सीईओ श्री एस. आलोक ने वर्षा ऋतु के चलते जिले में संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति को लेकर निर्देश दिए कि जिले के निचले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, जहाँ जलभराव या बाढ़ की संभावना अधिक है। इन क्षेत्रों की सूची तैयार कर राहत एवं बचाव दल तैनात किए जाएं। जिला प्रशासन द्वारा पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि जल निकासी व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जाए तथा नालियों की समय पर सफाई सुनिश्चित हो। वर्षा के कारण कई स्थानों पर गंदे पानी का जमाव होने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। गंदे पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड, हैजा, पीलिया जैसी बीमारियाँ फैल सकती हैं। मौसम को देखते हुए डायरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। लोगों से अपील की गई है कि उबालकर या फिल्टर किए हुए पानी का ही सेवन करें। जिला आपदा प्रबंधन समिति को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। आपात की स्थिति में जिला कंट्रोल रूम से दूरभाष क्रमांक 07723-223505 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बारिश सर्पदंश की संभावित खतरों को देखते हुए सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी वेनम वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए।बैठक में सीईओ श्री आलोक ने जिले में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कार्य एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए हैं तथा प्रगति की नियमित रूप से जानकारी देने कहा गया। उन्होंने पीएम श्री स्कूलों में मरम्मत एवं निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों द्वारा किए गए पंजीयन का विभिन्न विभागों द्वारा आगामी एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने कहा गया है। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत डबरी निर्माण और जनभागीदारी से सोख्ता गड्ढा निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

# जल जीवन मिशन के पूर्ण कार्य वेरीफाई कर पंचायतों को करें हैंडओवर :कलेक्टर



**रायगढ़, 8 जुलाई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम- काज की समीक्षा की। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कार्य की प्रगति धीमी है। इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए विभागीय अधिकारी फील्ड पर काम की गति बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इसमें से जो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, उसे सीईओ जनपदों को वेरिफाई करने के निर्देश दिए गए। जिसके पश्चात पंचायतों को इसे हैंड ओवर किया जाएगा। इस बारे में कार्यपालन अभियंता पीएचई और सभी सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अपूर्ण कार्यों को पूरा किए जाने के टाइमलाइन के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हर माह का लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुसार समीक्षा होगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पीएम जनमन के तहत बिरहोर बाहुल्य ग्राम रुवाफूल और कुम्हीचुंवा में बनने वाले मल्टी पर्पस सेंटर के प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाना है। उन्होंने इसके लिए सहायक आयुक्त को निर्देशित किया।

# जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं



**रायगढ़, 8 जुलाई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर चेम्बर-प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बारी-बारी से जिले के आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा उपस्थित रही।

जनदर्शन में ग्राम-डोंगीतराई के महेन्द्र पटेल आयुष्मान कार्ड में इलाज सुविधा दिलाने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमलता पटेल को कैंसर की बीमारी है। पूर्व में आयुष्मान कार्ड से उसका कीमो निःशुल्क में अपेक्स हॉस्पिटल रायगढ़ के द्वारा किया गया है। लेकिन वर्तमान में हॉस्पिटल संचालक द्वारा आयुष्मान कार्ड से सुविधा उपलब्ध नहीं कराने की बात कही जा रही है। उन्होंने इलाज सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सीएमएचओ को आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए संबंधित को ईलाज सहायता दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत संबलपुरी के किसान मुआवजा राशि दिलाए जाने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत संबलपुरी में वर्ष 2019-20 में सड़क चौड़ीकरण कार्य किया गया था, जिसमें प्रभावित किसानों का जमीन चौड़ीकरण में गया था। लेकिन सड़क चौड़ीकरण का मुआवजा राशि किसानों को आज पर्यन्त तक अप्राप्त है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने संबंधित एसडीएम को मौका-मुआयना करते हुए प्रकरण पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 3 श्याम नगर बंधनपारा के मोहल्लेवासी मार्ग को दुरूस्त कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 3 श्याम नगर के रास्ते में आवागमन को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी बरसात के समय तो मुश्किलें और भी बढ़ गई है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को बहुत तकलीफ हो रही है। वहीं किसी की तबीयत खराब होने पर अस्पताल लाने ले जाने में काफी मुश्किल हो रही है। उन्होंने मार्ग को बनाए जाने संबंधी निवेदन किया। तहसील कापू के दिव्यांग श्री राकेश तिवारी भृत्य के पद पर नियुक्ति दिलाने जाने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसी स्थिति उन्हें कही ऑफिस में भृत्य की नौकरी मिल जाती तो उनके लिए अच्छा रहता। ग्राम जकेला के ग्रामवासी शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा राजस्व अभिलेखों में शासकीय मद की भूमि पर जबरन कब्जा कर उस पर निर्माण शुरू कर दिया गया है। जबकि उक्त भूमि पर पूर्वजों के समय से ग्रामवासियों के द्वारा अपने खेतों में जाने के लिए रास्ते के रूप में उपयोग किया जाता रहा है, ग्रामवासियों द्वारा उक्त अवैध निर्माण करने से मना करने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा गाली-गलौच कर मारपीट करने की धमकी दी जाती है। जिससे अप्रिय घटना घटने की संभावना है। इसी तरह जनदर्शन में आज पेंशन न मिलने, राशन कार्ड में त्रुटि, आवास योजना का लाभ दिलाए।

# जिले में 426.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 8 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 7 जुलाई तक 426.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 545.7 मिली मीटर, पुसौर में 487.8, खरसिया में 442, घरघोड़ा में 406.2, तमनार में 300.2, लैलूंगा में 380.7, मुकडेगा में 434, धरमजयगढ़ में 333.9, छाल में 437.6 एवं कापू में 500.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## एक नजर

### वियान मुल्डर ने क्यों नहीं तोड़ा लारा का रिकॉर्ड: बोले- वे एक लेजेंड प्लेयर, इस रिकॉर्ड को बनाए रखने के हकदार



बुलवायो, 8 जुलाई (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर के पास जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में ब्रायन लारा के 400 के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। दूसरे दिन जब लंच हुआ तब मुल्डर 367 के स्कोर पर नाबाद पवेलियन लौटे थे लेकिन ब्रेक के दौरान उन्होंने पारी डिक्लेयर कर दी। वे लारा का रिकॉर्ड इसलिए तोड़ने नहीं गए क्योंकि उन्हें लगा कि यह रिकॉर्ड लारा के ही नाम रहना चाहिए।

**अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं ऐसा ही करूंगा:** दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सुपरस्पोर्ट पर शॉन पोलक को दिए इंटरव्यू में मुल्डर ने कहा, 'सबसे पहले मैंने सोचा कि हमने पर्याप्त रन बना लिए हैं और अब हमें बॉलिंग करनी चाहिए। और दूसरी बात यह कि ब्रायन लारा एक लेजेंड प्लेयर हैं। उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है। मैंने शुक्स (साउथ अफ्रीका हेड कोच शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं ऐसा ही करूंगा।'

**मार्क टेलर ने भी डॉन ब्रैडमैन के लिए किया था ऐसा:** मार्क टेलर 16 अक्टूबर 1998 को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 334 रन बनाकर नाबाद रहे, जो कि सर डोनाल्ड ब्रैडमैन के बेस्ट टेस्ट स्कोर की बराबरी थी, जिसके बाद कप्तान मार्क टेलर ने ऑस्ट्रेलिया की पारी घोषित कर दी थी जिससे वो ब्रैडमैन के बेस्ट टेस्ट स्कोर से आगे न निकल सके।

# जोकोविच 16वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## विम्बल्डन 2025 : ऑस्ट्रेलिया के मिनॉर को हराया, भारत के युकी-गैलोवे की जोड़ी मेंस डबल्स से बाहर

**लंदन, 8 जुलाई (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विम्बलडन-2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सोमवार रात को राउंड ऑफ 16 मैच में ऑस्ट्रेलिया के 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। 38 साल के जोकोविच ने 16वीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। अब उनका मुकाबला इटैलियन स्टार फ्लावियो कोबोली से होगा।

जोकोविच के अलावा, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज, रूस के कारेन खचानोव, ब्रिटेन के कैमरून नोरी और स्पेन के कार्लोस अल्काराज भी टॉप-8 में पहुंच गए हैं। विमेंस कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका, जर्मनी की लौरा सीजमंद, अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव, स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच, रूस की लुडमिला सैमसोनोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

साथ ही भारत के युकी भांबरी को उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ मेंस डबल्स कैटेगरी में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच का क्वार्टर फाइनल मैच इटली की फ्लावियो कोबोली से होगा।




### क्वार्टर फाइनल में फ्लानियो कोबोली से होगी टक्कर

अब जोकोविच का अगला मुकाबला 9 जुलाई को इटली के फ्लानियो कोबोली से होगा, जो वर्तमान में वर्ल्ड रैंकिंग में 22वें स्थान पर हैं। यह मुकाबला खासा रोमांचक होने की उम्मीद है क्योंकि कोबोली ने इस टूर्नामेंट में कई कड़े मुकाबले जीतकर टॉप-8 में जगह बनाई है। नोवाक जोकोविच अब तक अपने करियर में 24 ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके हैं, जिनमें से 7 बार उन्होंने विंबलडन की ट्रॉफी अपने नाम की है। अब उनका लक्ष्य आठवीं बार विंबलडन खिताब जीतकर रॉजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करना है।

### मेंस डबल्स में भारत के यूकी भांबरी हारे

भारत के युकी और गैलोवे की 16वीं वरीय जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन नतीजा पक्ष में नहीं रहा। इस जोड़ी को दो घंटे नौ मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-7 (10) से हार मिली। युकी के बाहर होने के साथ विम्बलडन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। इससे पहले, अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6 (15-13) के अंतर से हराया। वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को भी उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया।

### सबालेंका ने मर्टेंस को सीधे सेट में हराया



वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। जर्मनी की लौरा सीजमंद ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव ने चेक रिपब्लिक की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6, 6-4 से और रूस की लुडमिला सैमसोनोवा ने स्पेन की जेसिका बूजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराया। एरिना सबालेंका का क्वार्टर फाइनल मैच 8 जुलाई को लौरा सिगमंड से होगा।

मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफवॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फ्रिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हरा दिया। ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने चिली के निकोलस जैरी 6-3, 7-6, 6-7, 6-7, 6-3 से और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आंद्रे रुबलेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराते हुए टॉप-8 में प्रवेश किया।

# बढ़त के बाद चोटिल हुए ग्रिगोर दिमित्रोव, सिनर को वाकओवर

**लंदन, 8 जुलाई (एजेंसी)।** विंबलडन के चौथे दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव के चोटिल होकर बाहर होने पर यानिक सिनर को क्वार्टर फाइनल का टिकट मिल गया है। हालांकि इस मैच में सिनर भी चोटिल हो गए, अब वर्ल्ड नंबर-1 को 'एमआरआई स्कैन' कराना होगा।

हालांकि, सिनर विंबलडन के चौथे दौर में पहुंच गए हैं, क्योंकि ग्रिगोर दिमित्रोव को चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा। चौथे दौर के मैचअप के पहले ही गेम में सिनर हार की ओर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। इसी बीच एक स्लाइड के दौरान उनकी कोहनी में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें 'मेडिकल टाइमआउट' मिला। हाल ही में अपने फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर से अलग होने के बाद सिनर अब अपनी कोहनी के इलाज के लिए एटीपी टूर के फिजियो की मदद लेंगे।

सिनर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उस तरह गिरना काफी दुर्भाग्यपूर्ण था। मैंने वीडियो देखी तो लगा कि यह गंभीर नहीं था, लेकिन फिर भी मुझे काफी दर्द महसूस हुआ। खासकर सर्व और फोरहैंड पर। मैं दर्द को महसूस कर सकता था। अब देखते हैं चोट की जांच करेंगे, फिर तय करेंगे आगे क्या करना है। उन्होंने आगे कहा कि यहां एटीपी के अच्छे फिजियोथेरेपिस्ट हैं। डॉक्टर भी अच्छे हैं। जैसा कि मैंने कहा कि एमआरआई से पता चलेगा कि कहीं कोई गंभीर बात तो नहीं है और फिर उसी के अनुसार इलाज किया जाएगा। इस मुकाबले में ग्रिगोर दिमित्रोव दो सेट से आगे चल रहे थे। इसी बीच दिमित्रोव अपने दाहिने हाथ के नीचे 'पेक्टोरल मसल्स' को पकड़कर मैदान पर गिर पड़े। जब तक उन्होंने गेम खत्म किया, तब तक वह दर्द से कराह रहे थे।



- एक टूर्नामेंट से बाहर तो दूसरे को क्वार्टर फाइनल का टिकट

# लॉर्ड्स टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की वापसी तय

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी : सुंदर की जगह शार्दूल को मौका संभव; इंग्लैंड से खेल सकते हैं आर्चर-एटकिंसन

**लंदन, 8 जुलाई (एजेंसी)।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने बर्मिंघम टेस्ट को 336 रन से जीतकर वापसी की। इससे पहले भारत को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। 5 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में 10 से 14 जुलाई तक खेला जाएगा।

क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस मैदान की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, लेकिन पिछले महीने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के आखिरी तीन दिन बैटर्स को भी मदद मिली थी।

**लॉर्ड्स की पिच का बिहेवियर पिछले मैच से समझिए**

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलियन बॉलर्स के खिलाफ 3 सेशन में 282 रन का टारगेट चेज करके वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का टाइटल जीता। 11 से 14 जून के बीच खेले गए इस मुकाबले के शुरुआती ढाई दिनों में तीन पारियां खत्म हो गईं। इसके बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती गई। भारत-इंग्लैंड तीसरे टेस्ट के लिए भी इसी तरह के कंडीशंस देखने को मिल सकती हैं।

भारतीय बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की गुंजाइश न के बराबर है। सीरीज में चार भारतीय बैटर्स 200 से ज्यादा रन बना चुके हैं। ओपनर्स अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। पिछले दो मैचों में भारत की ओपनिंग जोड़ी 456 रन बना चुकी हैं। यशस्वी जायसवाल ने एक शतक और एक फिफ्टी के सहारे 220 रन बनाए हैं, जबकि केएल राहुल ने 236 रन बनाए हैं। उनके नाम भी एक शतक और एक अर्धशतक है।

इन दोनों के अलावा, कप्तान शुभमन गिल 3 शतक के सहारे 585 रन बनाकर सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उप कप्तान ऋषभ पंत ने दो शतक सहित 342 रन बनाए हैं।



### बुमराह का खेलना तय, प्रसिद्ध ड्रॉप होंगे

पछला मैच जीतने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की पुष्टि की है। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लाया जा सकता है। प्रसिद्ध पिछले मैच में 111 रन देकर एक भी विकेट ही ले सके थे। मोहम्मद सिराज दूसरे और आकाश दीप तीसरे पेसर होंगे।

टीम- भारत: यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर/शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

इंग्लैंड : बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गॉस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर और शोएब बशीर।

**ऑलराउंडर्स में एक बदलाव संभव, सुंदर की जगह शार्दूल को मौका :** रवींद्र जडेजा ने बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 89 और नाबाद 69 रन बनाए थे। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में अहम मौके पर बेन स्टोक्स का विकेट दिलाया था। WTC फाइनल में लॉर्ड्स की पिच का बिहेवियर देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह शार्दूल ठाकुर को मौका दिया जा सकता है।

# हिमाचल के अविनाश जम्वाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में देश को दिलाया रजत

**शिमला, 8 जुलाई (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के अविनाश जम्वाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। इससे पहले उन्होंने ब्राजील में भी इसी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। अब कजाकिस्तान के अस्ताना में भी ताकत का लोहा मनवाया। कजाकिस्तान के अस्ताना में 30 जून से 7 जुलाई तक विश्व मुक्केबाजी कप हुआ। विभिन्न मुकाबलों में अविनाश ने पूर्व ओलंपियन और मेजबान खिलाड़ियों को मात दी। फाइनल मुकाबले में अविनाश का सामना ब्राजील के यूरी फाल्काओ से हुआ।

दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल और ताकत का प्रदर्शन किया। मुकाबला रोमांचक मोड़ तक पहुंचा। आखिरकार 2-3 के करीबी बाउट में अविनाश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि इससे पहले अविनाश ने प्री-क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान के पूर्व ओलंपियन मलिक हसनओव को हराया।



### मोनिका और शशि ने भी चमकाया नाम

अमेरिका में हुई वर्ल्ड पुलिस बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिमाचल की बेटियों ने भी देश के लिए सम्मान हासिल किया। शिमला के रामपुर की रहने वाली मोनिका ने अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। किन्नौर की शशि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा किया।

हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग संघ के महासचिव एसके शांडिल ने कहा कि लगातार दूसरी बार विश्व स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर यह साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में भारत की मजबूत उम्मीद बन चुके हैं।

# यूथ वनडे- इंग्लैंड से सात विकेट से हारी भारतीय टीम

## 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम की

**वॉर्सेस्ट, 8 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है। सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 गेंदें शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

**भारत की खराब शुरुआत:** भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1) और विहान मल्होत्रा (1) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। वैभव राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला। यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24), कनिष्क चौहान (24) और दीपेश देवेंद्रन (0) लगातार अंतराल विकेट गंवाते रहे।

**अंबरीश की संघर्षपूर्ण पारी ने 200 पार पहुंचाया ः** आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में छह चौकों की मदद से जुझारू 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स फ्रैंच और राल्फी एलबर्ट ने 2-2 विकेट झटके। मैथ्यू फिरबैंक, सेबस्टियान मॉर्गन, एलेक्स ग्रीन और एकांश सिंह को एक-एक विकेट मिला।

## व्यापार

### आरबीआई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, 17 म्यूचुअल फंड कंपनियों की डेट स्कीमों में दिखा तनाव



नई दिल्ली, 8 जुलाई (एजेंसी)। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल में 17 म्यूचुअल फंड कंपनियों की 43 डेट स्कीमों में तय सीमा से ज्यादा वित्तीय तनाव देखा गया, जिनका रू 2.25 लाख करोड़ से अधिक है। हालांकि निवेशकों के पैसे डूबने का खतरा नहीं है। एम्फी हर माह इन योजनाओं का तनाव परीक्षण करता है। तेजी से बढ़ रहे म्यूचुअल फंड में सब ठीक नहीं है। आरबीआई की रिपोर्ट बताती है कि अप्रैल में 17 म्यूचुअल फंड कंपनियों की 43 डेट स्कीमों में एम्फी की तय सीमा से ज्यादा तनाव देखा गया है। इनका प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 2.25 लाख करोड़ से ज्यादा है। हालांकि, इस तनाव का मतलब यह नहीं है कि निवेशकों के ये पैसे डूब जाएंगे या कोई खतरा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) हर माह तरलता से लेकर निवेश और कई?पैमाने पर फंड हाउसों की ओपन एंडेड डेट योजनाओं के तनाव का परीक्षण करता है। आरबीआई की रिपोर्ट में इसी परीक्षण का हवाला दिया गया है।?रिपोर्ट के अनुसार, 31 फंड हाउसों की 269 स्कीमों में तय सीमा से कम तनाव रहा।? इस तरह, कुल 48 स्कीमों की 312 योजनाओं का परीक्षण किया गया, जिनका एयूएम 16.84 लाख करोड़ रुपये था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनिवार्य किया है कि परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों को हर माह ओपन एंडेड डेट योजनाओं का तनाव परीक्षण करना चाहिए ताकि इनसे संबंधित विभिन्न जोखिम मापदंडों (ब्याज दर, क्रेडिट और तरलता जोखिम) के उनके शुद्ध परिसंपत्ति मूल्यों पर प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सके।

### समय से पहले पहुंचे मानसून ने बदला फसलों का पैटर्न

# कृषि रसायन क्षेत्र में सुधार के संकेत

**नई दिल्ली, 8 जुलाई (एजेंसी)।** समय से पहले मानसून के आगमन से खरीफ फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी। आनंद राठी की रिपोर्ट के अनुसार अब तक बुवाई क्षेत्र में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे फसल उत्पादन में बढ़त की उम्मीद है।

**मक्का की खेती के क्षेत्रफल में हुई बढ़ोतरी:** इसमें आगे कहा गया है कि मानसून के जल्दी आने के कारण फसल के पैटर्न में बदलाव आया है। इससे खास तौर पर मक्का की खेती का क्षेत्रफल बढ़ा है। लेकिन दक्षिण और पश्चिम भारत में कुछ क्षेत्रों में अब मकई की जगह कपास की बुआई की जा रही है। हालांकि, बीते सीजन की कम बचत (स्टॉक) के चलते इस बार भंडारण की संभावनाएं भी अधिक हैं। वहीं मक्का संकर बीजों में 20 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

**कीमतें स्थिर रहने की संभावना :** इसके अलावा, घरेलू और वैश्विक कीमतें काफी हद तक स्थिर हैं और आने वाले समय में दामों में बड़ी वृद्धि की संभवाना कम है। यह स्थिति तकनीकि इनपुट निर्माताओं के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, क्योंकि स्थिर कीमतों और बढ़ते वॉल्यूम के चलते उन्हें मजबूत सीजन की उम्मीद है।

### घरेलू कंपनियों के ग्रोथ को मिलेगा बढ़ावा

इसमें कहा गया कि हमारा मानना है कि सबसे बुरा दौर काफी हद तक पीछे छूट चुका है और क्षेत्र धीरे-धीरे सुधार की ओर बढ़ रहा है। इस साल मानसून के जल्दी आने के कारण धारणा सकारात्मक है, जिससे घरेलू कंपनियों के ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा हमें 8 प्रतिशत की मामूली वार्षिक राजस्व वृद्धि की उम्मीद है, जिसे आंशिक रूप से खरीफ सीजन में घरेलू मात्रा वृद्धि से समर्थन मिलेगा। हम घरेलू कृषि रसायन में 6 प्रतिशत, निर्यात में 11 प्रतिशत और बीज में 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की उम्मीद करते हैं। बेहतर उत्पादन मिश्रण और अधिक दक्षता पर ध्यान केंद्रित करने के कारण हमें पहली तिमाही में 13.2 प्रतिशत ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई) मार्जिन की उम्मीद है।

### 6 प्रतिशत, निर्यात में 11 प्रतिशत और बीज में 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की उम्मीद



### कृषि-रसायन क्षेत्र में सुधार की उम्मीद

रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू कृषि-रसायनों में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कृषि रसायन क्षेत्र में सुधार हो रहा है। यह पिछले कुछ समय से काफी दबाव में था, जिसका मुख्य कारण प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियां, चीन द्वारा वैश्विक चैनल स्टॉक की अधिक डंपिंग, कीमतों पर दबाव बढ़ना, भू-राजनीतिक तनाव और टैरिफ अनिश्चितताएं थी।

# अब तक पांच सरकारी बैंकों ने हटाया न्यूनतम जमा पर शुल्क

## आगे और भी बैंक कर सकते हैं घोषणा

अभी तक पांच सरकारी बैंकों ने खाते में न्यूनतम जमा न होने पर किसी भी शुल्क को नहीं लगाने का फैसला किया है। इस वजह से आने वाले समय में बाकी सरकारी बैंक भी इसका पालन कर सकते हैं। हालांकि, यह नियम केवल बचत खाते पर है जहां बैंक 2.50 फीसदी से लेकर 6 फीसदी या उससे भी ज्यादा ब्याज देते हैं।

सरकारी बैंकों ने अब खाते में मासिक आधार पर औसत न्यूनतम जमा न होने पर वसूले जाने वाले जुर्माना को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 2023-24 में इन बैंकों ने ग्राहकों से 2,331 करोड़ की कमाई इसी मद से की थी। अभी तक पांच सरकारी बैंकों ने खाते में न्यूनतम जमा न होने पर किसी भी शुल्क को नहीं लगाने का फैसला किया है। इस वजह से आने वाले समय में बाकी सरकारी बैंक भी इसका पालन कर सकते हैं। हालांकि, यह नियम केवल बचत खाते पर है जहां बैंक 2.50 फीसदी से लेकर 6 फीसदी या उससे भी ज्यादा ब्याज देते हैं। हाल में आरबीआई ने रेपो दर में एक फीसदी की कमी की है, इससे बैंकों के पास जमा नहीं आ रहा है। इस वजह से बैंकों को आगे नकदी के मामले में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। अब तक जिन पांच बैंकों ने न्यूनतम जमा शुल्क खत्म किया है, उनमें पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, केनरा बैंक और एसबीआई है।




### 2022-23 में वसूले थे 1855 करोड़

सरकारी बैंकों ने 2022-23 में न्यूनतम जमा नहीं होने पर ग्राहकों से 1,855 करोड़ रुपये की वसूली की थी। हालांकि, 2023-24 में यह करीब 26 फीसदी बढ़ गई। तीन वर्षों में इन बैंकों ने कुल 5,614 करोड़ रुपये की वसूली की थी। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंकों को खाता खोलते समय ग्राहकों को न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता के बारे में सूचित करना आवश्यक है। इसके बाद होने वाले बदलाव के बारे में भी खाताधारकों को सूचित किया जाना चाहिए।

# रिटायरमेंट के बाद सीनियर सिटिजंस सेविंग्स स्कीम में करें निवेश

## हर महीने होगी 20,500 रुपए तक की कमाई, समझें इसका पूरा गणित

**नई दिल्ली, 8 जुलाई (एजेंसी)।** सरकार ने जुलाई-सितंबर के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। यानी आपको पहले जितना ही ब्याज मिलता रहेगा। अगर आप रिटायरमेंट के बाद या इससे पहले अपने लिए हर महीने यानी मंथली इनकम का इंतजाम करना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटिजंस सेविंग्स स्कीम अकाउंट सही रहेगा।

पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटिजंस सेविंग्स स्कीम अकाउंट में एक मुश्त पैसा लगाकर आप अपने लिए रिटायमेंट के बाद भी रेगुलर इनकम का इंतजाम कर सकते हैं। अभी इस पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। इस स्कीम में हर 3 महीने में ब्याज दिया जाता है। यानी 3 महीने में अधिकतम 61,500 रुपए तक का ब्याज आप हासिल कर सकते हैं, जो मंथली बेसिस पर 20,500 रुपए होगा।

**अधिकतम 30 लाख रुपए कर सकते हैं निवेश:** पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटिजंस सेविंग्स स्कीम के तहत सिर्फ 1000 रुपए में अकाउंट खोला जा सकता है। इस स्कीम में ज्यादा से ज्यादा 30 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है।

अगर आप इसमें 30 लाख रुपए तक निवेश करते हैं तो आपको 8.2% के हिसाब से सालाना 2,46,000 रुपए ब्याज मिलेगा। चूंकि इस योजना के तहत ब्याज तिमाही आधार पर मिलता है, तो अगर हम इसे 3-3 महीनों में बांटे तो ये 61,500 रुपए होगा। यानी हर 3 महीने में आपके अकाउंट में 61,500 रुपए आ जाएंगे।

**5 साल का रहता है मैच्योरिटी पीरियड:** इस स्कीम का मैच्योरिटी पीरियड 5 साल का रहता है। यानी इस स्कीम में आपको 5 साल के लिए निवेश करना होता। हालांकि आप 5 साल से पहले भी अकाउंट बंद कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने पर आपको पेनल्टी देनी होती है। इसके अलावा आप 3-3 साल के लिए अकाउंट को जब तक चाहे आगे बढ़ा सकते हैं। अगर आप ऐसा नहीं करना चाहें तो आपके 30 लाख आपस ले सकते हैं।

**आपके अकाउंट में आ जाएगा ब्याज का पैसा:** ब्याज तिमाही आधार पर मिलता है। जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर और 1 जनवरी को आपके अकाउंट में आ जाएगा। ब्याज की रकम उसी डाकघर में स्थित आपके बचत खाते में आ जाएगी। यदि खाताधारक ब्याज की रकम नहीं निकालता है, तो ऐसे ब्याज पर अतिरिक्त ब्याज यानी कम्पाउंड इंटरेस्ट नहीं मिलेगा।

**इनकम टैक्स छूट का मिलता है लाभ:** इस योजना में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80C के तहत आप अपनी कुल आय से 1.5 लाख रुपए की कटौती का दावा कर सकते हैं।

### कोई भी वरिष्ठ नागरिक खोल सकता है अकाउंट

60 साल या उससे अधिक उम्र के बाद अकाउंट पोस्ट ऑफिस जाकर खुलवाया जा सकता है। हालांकि VRS लेने वाला व्यक्ति जो 55 वर्ष से अधिक लेकिन 60 वर्ष से कम है वो भी इस अकाउंट को खोल सकता है। इसके अलावा डिफेंस (रक्षा विभाग) से रिटायर्ड हुए हो वो 50 साल से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग भी इस योजना में निवेश कर सकते हैं। हालांकि इस स्थिति में रिटायर होने के 1 महीने के भीतर निवेश करना होता है।

# सोना 600 महंगा होकर 97,195 रुपए पर पहुंचा

## चांदी की कीमत 1,159 बढ़ी, इस साल सोना 28%, तो चांदी 25% महंगी हुई

**नई दिल्ली, 8 जुलाई (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी मंगलवार (8 जुलाई) को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 599 रुपए बढ़कर 97,195 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल इसका दाम 96,596 रुपए पर था।

वहीं चांदी की कीमत 1,159 रुपए बढ़कर 1,07,690 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। कल चांदी का दाम 1,06,531 रुपए किलो था। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल 1 लाख 3 हजार तक जा सकता है सोना:** केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।



### कैपजेमिनी ने भारतीय कंपनी डब्ल्यूएनएस को खरीदने का ऐलान किया, 28 हजार करोड़ रुपए में हुई डील

मुंबई, 8 जुलाई (एजेंसी)। फ्रांस की आईटी कंपनी कैपजेमिनी ने भारतीय कंपनी WNS को 3.3 बिलियन डॉलर (करीब 28 हजार करोड़ रुपए) में खरीदने का ऐलान किया है। कैपजेमिनी ने WNS के हर शेयर को 76.5 डॉलर (6,570 रुपए) में खरीदा है, जो 3 जुलाई के क्लोजिंग प्राइज से 17% ज्यादा है। इस डील के जरिए कैपजेमिनी AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और डिजिटल बिजनेस प्रोसेस को मजबूत करना चाहती है। कैपजेमिनी खुद को एजेंटिक AI और गेनरेटिव AI (जो खुद फैसले ले सके) के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती है। दोनों कंपनियों के बोर्ड्स से मंजूरी मिलने के बाद साल के अंत तक डील पूरी होने की उम्मीद है। कैपजेमिनी ने कहा कि इस डील से तुरंत क्रॉस-सेलिंग के मौके खुलेंगे यानी दोनों कंपनियां एक-दूसरे के क्लाइंट्स को अपनी सर्विसेज बेच पाएंगी। साथ ही, दोनों की डिजिटल BPS (बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज) से 2024 में कुल 1.9 अरब यूरो की कमाई होगी। इससे कैपजेमिनी अपने क्लाइंट्स को बिजनेस और टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मेशन में और बेहतर मदद कर सकेगी।

**एक नजर**

### करंट से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**बिलासपुर।** जिले के सीपत थाना क्षेत्र के ऊनी गांव में करंट लगने से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। कुएं में मरे मेढ़क को निकालने गए पिता और बेटे की पानी में फैले करंट की चपेट में आने से मौके पर ही जान चली गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पिता और बेटा अपने घर के पास स्थित कुएं में कुछ काम कर रहे थे। इसी दौरान समर्सिबल पंप के खुले तार से पानी में करंट फैल गया। दोनों की करंट की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही सीपत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इधर, अचानक हुए इस हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

### भाजपा ने किसान, जवान, संविधान सभा को बताया ढोंग

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी पोस्टर के जरिए कांग्रेस पर निशाना साधा। किसान, जवान और संविधान सभा को ढोंग बताते हुए कांग्रेस को आईना देखने की नसीहत दी है। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्टर जारी किया है, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हाथ में तख्ती लिए हैं, जिसमें एक में किसान, जवान, संविधान तो दूसरे में संविधान बचाओ लिखा है। जारी पोस्टर में दो लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि देखो कांग्रेसी फिर ढोंक करने निकले हैं, वहीं दूसरी शख्स कह रहा है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। यह टिप्पणी की गई है कि कांग्रेस कभी किसी की हितैषी नहीं रही है और अब फिर से किसान-जवान-संविधान के नाम पर जनता को बरगलाने निकली है।

### धोखाधड़ी के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** सरकण्डा पुलिस ने धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। आरोपियों ने प्रार्थी की पैतृक भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बेचा और उसके पिता के नाम पर एक फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर रजिस्ट्री करवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि तीन आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रार्थी प्रकाश दुबे (स्व. भैयालाल दुबे का बेटा) ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पैतृक भूमि ग्राम खमतराई स्थित थी।

# लगातार बारिश से तरबतर हुई राजधानी

## कई वार्ड जलमग्न, गुढ़ियारी अंडरब्रिज में भरा पानी

**रायपुर।** राजधानी में पिछले दो दिनों से हो रही आफत की बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गये है। आज सुबह से मानसून की झड़ी लगी हुई है जिसके कारण कई नाले उफान पर चल रहे हैं एवं कई निचली बस्तियों में पानी भर गया है। सभापति सूर्यकांत राठौर ने गुढ़ियारी अंडरब्रिज में पानी निकासी की व्यवस्था कराई। जिसके कारण सुबह से यातायात शुरू हो गया। राजधानी के मौदहापारा राजेंद्र नगर, शांतिनगर, रामसागरपारा, भाठागांव, प्रोफेसर कालोनी तथा कई बस्तियों में पानी भर गया है जिसे देखने के लिए कई पार्षद एवं बाढ़ प्रभारी वस्तुस्थिति की जानकारी देखने निकले।

नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर जो की जोन क्रमांक 2 के प्रभारी है। उन्होंने बताया कि बाम्बे मार्केट के बाईपास, मेडिकल कालेज के पीछे अफसर कालोनी तथा अन्य स्थानों पर पानी भर गया है गुढ़ियारी अंडरब्रिज में पानी भर



गया था जिसे पंप से निकाला गया है उन्होंने बताया कि यहां पर पानी निकालने के लिए पंप की व्यवस्था है लेकिन अधिकारी ऐसा नहीं करते। उन्होंने बताया कि फाफाडीह चौक तथा तेलघानी नाका चौक तथा गुढ़ियारी में घुटनों तक पानी भरा गया है जिसे निकालने के लिए पंप लगाया गया है। घंटों बाद भी पानी नहीं निकाल पाये।

#### राजातालाब का अरमान नाला एवं जब्बार नाला उफान पर

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि रविशंकर शुक्ल अंतर्गत आने वाले अरमान नाला उफान पर है। राजा तालाब का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। इरानी डेरा में भी पानी भर गया है इससे लगे वार्ड में कचना के समीप जब्बार नाला भर गया है जिसके कारण हाउंसिंग बोर्ड कालोनी भी भर गई है। आज सुबह से ही पानी गिरने के कारण भी और स्थिति गड़बड़ा गई है यहां पर कल से लेकर आज तक सौ से अधिक एमएम वर्षा हुई है।

#### समता कालोनी में भी भरा पानी

समता कालोनी के पास आमातालाब, कारी तालाब, घोड़ारी तालाब का भी जलस्तर बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण समता कालोनी के सड़कों में पानी भर गया है। वार्ड के पार्षद आनंद अग्रवाल जानकारी देने निकले है। चुड़ामड़ी वार्ड के पार्षद दीपक जायसवाल भी वस्तुस्थिति देखने निकले हैं।

#### महापौर का वार्ड भी डूबा

महापौर का पुराना वार्ड खुबचंद बघेल, माधवराव सप्रे वार्ड में भी स्थिति काफी खराब है। मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड में भी वस्तुस्थिति दयनीय है भक्तकर्मा वार्ड की पार्षद ममता सोनू तिवारी भी आज वस्तुस्थिति की जानकारी लेने निकली है।

## 3.27 लाख राशनकार्डधारी लापता!

■ सत्यापन अभियान शुरू




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। राज्यभर में करीब 3 लाख 27 हजार 945 राशन कार्डधारियों का कोई अता-पता नहीं है। ये वे लाभार्थी हैं जिन्होंने पिछले कई महीनों से सरकारी राशन नहीं उठाया है। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए खाद्य विभाग ने अब राज्य स्तरीय सत्यापन अभियान शुरू किया है और कार्डधारियों से स्थानीय पीडीएस दुकानों पर जाकर तत्काल सत्यापन कराने की अपील की है।

**बिलासपुर जिले में 21 हजार से ज्यादा कार्डधारी गायब**

बिलासपुर जिले की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां 21,992 राशन कार्डधारी ऐसे हैं जिन्होंने 6 महीने से लेकर 18 महीने के बीच एक बार भी राशन नहीं लिया। खाद्य विभाग ने इन्हें अंतिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय रहते सत्यापन नहीं कराया गया, तो राशन कार्ड रद्द कर दिए जाएंगे।

**क्या हैं कारण?**

खाद्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि निष्क्रियता के पीछे कई कारण हो सकते हैं:

डुप्लीकेट या अमान्य आधार कार्ड, परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का निधन, 18 वर्ष से ऊपर का कोई सदस्य न होना, आधार विवरण अपडेट न होना।

**राशन दुकानों को मिली सूची**

खाद्य विभाग ने सभी संबंधित पीडीएस दुकानदारों को ऐसे कार्डधारियों की सूची सौंप दी है और निर्देश दिया है कि वे व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराएं। यह कदम राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और वास्तविक लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

**खाद्यान्न वितरण पर प्रभाव नहीं, लेकिन पारदर्शिता पर सवाल**

हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन निष्क्रिय कार्डधारियों द्वारा राशन न लेने से खाद्यान्न स्टॉक पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा है, लेकिन लंबे समय तक ऐसे कार्डधारियों का सक्रिय रिकॉर्ड न होने से व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अगर तय समय सीमा के भीतर सत्यापन नहीं होता है, तो संबंधित कार्डधारियों को राशन सूची से स्थायी रूप से बाहर कर दिया जाएगा।

## बियासी के लिए खाद लेने लगी किसानों की लंबी कतार

**रायपुर।** प्रदेश में हो रही वर्षा के पश्चात कृषि कार्य में तेजी आ गई है। रायपुर जिले में 60 प्रतिशत से अधिक बोआई हो गई है। वहीं थरहा लगाने का काम जोर पकड़ते जा रहा है। अब किसानों को डीएपी खाद की आवश्यकता महसूस हो रही है। जिसके लिए सहकारी समितियों में खाद लेने के लिए किसान उमड़ पड़ रहे हैं।

रायपुर केंदीय सहकारी बैंक एवं कृषि उपसंचालक से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में कुल 1, 65 हजार कृषि भूमि है। यहां पर बोआई का काम अब शत प्रतिशत हो चुका है। जहां जहां थरहा लगाया गया था वहां अब खाद की आवश्यकता महसूस हो रही है। वर्षा के पश्चात ब्यासी का काम तेजी पकड़ेगा। रायपुर सहकारी बैंक के अंतर्गत रायपुर महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद तथा धमतरी जिला आता है। यहां पर कुल 550 सहकारी समितियों के



माध्यम से करीबी 3 लाख टन खाद का वितरण किया जाता है। अच्छी वर्षा होने के बाद अब कृषि कार्य तेजी पकड़ रहा है इसलिए किसान खाद की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार गोदाम में डीएपी यूरिया, एमपी के खाद उपलब्ध है लेकिन डीएपी की खाद की डिमांड सबसे ज्यादा है। इसमें यूरिया तथा पोटाश सामान मात्रा में होता है। इसलिए इस खाद की आवश्यकता होती है। रायपुर केंद्रीय सहकारी बैंक 18 सौ करोड़ का लोन वितरीत करता है।

कृषि विभाग ने किसानों को वैकल्पिक खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। अधिकारियों के अनुसार डीएपी की आवक कम है जिसके कारण अन्य खाद का उपयोग करने की सलाह दी गई है। राज्य में कुल 17 लाख टन खाद की आवश्यकता होती है राज्य सरकार मार्कफेड के माध्यम से खाद उपलब्ध करा रही है। सरकार ने डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए कई वैकल्पिक उर्वरकों की व्यवस्था की है जिसमें सुपर फास्फेट, और नैनों डीएपी है छग में अब तक 12.27 मीटरिन टन उर्वरक का भंडारण कर लिया गया है। खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सके। छग राज्य में खरीफ सीजन में कुद 14 लाख मीटरिक टन धान का लक्ष्य निर्धारित कर जिसके एवज में यूरिया सात लाख डीएपी 3 लाख तथा एमपी के 10 लाख टन का भंडारण किया गया है। डीएपी की कमी की चलते हुए वेकल्पिक खाद के रूप में एमपी के एसएपी का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

## जंगल में मस्ती करते दिखे हाथी

### वन विभाग के ड्रोन कैमरे में कैद हुआ मनमोहक दृश्य



**रायगढ़।** जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के जंगलों से एक और दिलचस्प वीडियो सामने आया है, जिसमें हाथियों का दल बारिश के बाद जमीन पर आराम करता नजर आ रहा है। खास बात यह रही कि एक नन्हा हाथी बड़े हाथी के पेट पर चढ़ने की कोशिश करता दिखा, लेकिन असफल रहने पर वह जमीन पर लोट-लोटकर मस्ती करने लगा। यह मनमोहक दृश्य कैमरे में कैद हो गया।

यह वीडियो छाल वन परिक्षेत्र के हाटी बीट का है, जहां हाथी मित्र दल ने ड्रोन कैमरे से हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी के दौरान यह दृश्य देखा। वीडियो में देखा गया कि हाथी दल में कई छोटे शावक मौजूद थे और पीछे से दो बड़े हाथी भी आ पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, हाटी बीट क्षेत्र में इस समय 7 हाथियों का दल घूम रहा है।

धरमजयगढ़ वन मंडल में सालभर हाथियों की मौजूदगी बनी रहती है, इसलिए यहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। हाथियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में तीन ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं– जिनमें से एक सामान्य और दो थर्मल कैमरे हैं, जो रात में भी निगरानी करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, क्षेत्र में कुल 7 हाथी मित्र दल तैनात हैं, जिनमें 3 छाल रेंज और 4 धरमजयगढ़ रेंज में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। वन विभाग लगातार इन हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है ताकि इंसान और हाथी के बीच टकराव से बचा जा सके।

## आधा भरा गंगरेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है। अच्छी बारिश से गंगरेल बांध की स्थिति में सुधार आया है। 32 टीएमसी वाले गंगरेल बांध में अब 16 टीएमसी पानी भर चुका है। तीन दिन की लगातार बारिश से 18 हजार क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है। वही 400 क्यूसेक गंगरेल बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। कैचमेंट एरिया से लगातार पानी की आवक बनी हुई है। प्रदेश के बांधों में पिछले साल से अधिक जल भराव हो गया है।

बांधों में 38 प्रतिशत से अधिक जल भराव है। पिछले सप्ताह भर से रुक रुककर हो रही बारिश का असर खेत-खलिहान, तालाब, नालों के साथ बांधों के जलस्तर पर भी नजर आ रहा है। गंगरेल के जलग्रहण क्षेत्र चारामा, भानुप्रतापपुर, कांकेर में हो रही अच्छी बारिश के कारण बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। यहां 18,177 क्यूसेक पानी प्रतिघंटा आ रहा है। गंगरेल बांध में 43.9 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। माड़मसिल्ली इलाके में 23 मिलीमीटर बारिश हुई है।

## नवा रायपुर में बनेगी 'चित्रोत्पला फिल्म सिटी'

**रायपुर।** नवा रायपुर के माना-तूता इलाके में राज्योत्सव मैदान के सामने करीब 70 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित 'चित्रोत्पला फिल्म सिटी' को निजी क्षेत्र की कंपनी विकसित करेगी। इस परियोजना को पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसे मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति से मंजूरी मिल चुकी है।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। जल्द ही टेंडर और अनुबंध की शर्तें तय कर ली जाएंगी और अगले एक महीने में निर्माण एजेंसी चयन के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाने की संभावना है। करीब 95 करोड़ रुपये की प्रारंभिक लागत से बनने वाली इस फिल्म सिटी का निर्माण कार्य आगामी कुछ महीनों में शुरू हो सकता है।

**निवेश और रोजगार की बड़ी संभावना**

पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, फिल्म सिटी में निजी निवेशकों को स्टूडियो और अन्य आधारभूत सुविधाओं के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की जाएगी। इस परियोजना में लगभग 400 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद की जा रही है। इससे स्थानीय कलाकारों और युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, फिल्म सिटी में पर्यावरण के अनुकूल ई-बसों का संचालन भी किया जाएगा। केंद्र सरकार ने भी इस



परियोजना को समर्थन दिया है और स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024-25 योजना के तहत इसे 147 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है।

**आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी फिल्म सिटी**

चित्रोत्पला फिल्म सिटी में फिल्म निर्माण और शूटिंग से जुड़ी सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। यहां पर गांव और शहर जैसे स्थायी और अस्थायी सेट्स, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, जेल, फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट, आवासीय सुविधा, प्राकृतिक स्थल जैसे तालाब, नदी, उद्यान और पहाड़ भी विकसित किए जाएंगे। साथ ही, फिल्म निर्माताओं के लिए प्री-प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन कार्यों के लिए विशेष स्टूडियो और बिल्डिंग बनाई जाएंगी।

**बॉलीवुड के निर्माता भी दिखा चुके हैं रुचि**

इस फिल्म सिटी को लेकर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और विभिन्न स्टेकहोल्डरों के बीच कई दौर की चर्चा हो चुकी है। मुंबई के कई नामी फिल्म निर्माता और निवेशक इस परियोजना में दिलचस्पी दिखा चुके हैं।

कुछ निवेशकों ने नवा रायपुर में प्रस्तावित स्थल का दौरा भी किया है। यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली से भरपूर है, जहां पहले भी कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। फिल्म सिटी बनने के बाद यहां की आसपास की बसाहट, निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

## युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाइन नहीं करने वालों का रुकेगा वेतन

**युक्तियुक्तकरण**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाइन नहीं करने वाले शिक्षकों का वेतन रुकेगा। अभ्यावेदनों के निराकरण नहीं होने से शिक्षकों में निराशा है। जिसके बाद व्यावहारिक दिक्कतों से विभाग को अवगत कराया गया है। उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

जिसके चलते अभी कई शिक्षक परेशान हैं। वहीं मामले में अब लोक शिक्षण संचालनालय ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं

वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संतुलित बनाने की दिशा में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से बेहतर परिणाम मिले हैं। प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के पूर्व कुल 453 विद्यालय शिक्षक विहीन थे। युक्तियुक्तकरण के पश्चात एक भी विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं है। इसी प्रकार युक्तियुक्तकरण के पश्चात प्रदेश के 5936 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में से 4728 विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है जो कि, शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिससे निःसंदेह उन विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा और अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा।

#### शिक्षकों की कमी पूरी की जाएगी

बस्तर और सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में शिक्षकों की कमी के कारण लगभग 1208 विद्यालय एकल शिक्षकीय रह गए हैं। निकट भविष्य में प्रधान पाठक और व्याख्याता की पदोन्नति तथा लगभग 5000 शिक्षकों की सीधी भर्ती के द्वारा शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में पूर्ति कर दी जाएगी।

## बढ़ रहा नदियों का जलस्तर, विभाग सतर्क

### बस्तर, रायपुर तथा दुर्ग संभाग में अच्छी वर्षा होने का अनुमान



**रायपुर।** प्रदेश में हुई वर्षा का आंकलन इस समय राजस्व विभाग कर रहा है। 33 में से 7 जिलों को छोड़कर सभी स्थानों पर अच्छी वर्षा हुई है। भारी वर्षा के कारण रविशंकर जलाशय परियोजनाओं सहित अन्य नदियों में पानी छोड़ा गया है जिसके कारण अब तटवर्तीय इलाकों में खतरा पैदा होता जा रहा है। महानदी तथा खारून नदी एवं शिवनाथ एवं केलो नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है।

मौसम विभाग एवं राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल 33 जिले हैं तथा 225 तहसील है। राज्य में इस समय अच्छी वर्षा होने के कारण कई तहसीलों में अच्छा पानी गिरा है जिसके कारण अब कृषि कार्य में तेजी आ गई है।

**वर्षा की चेतावनी**

मौसम विभाग ने चक्रीय चक्रवात एवं निम्न दाब के कारण बस्तर संभाग रायपुर तथा दुर्ग संभाग में अच्छी वर्षा होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। डॉ. चंद्रा के अनुसार एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होगी। उत्तरी छग से लेकर दक्षिण झारखंड तक एक द्रोणिका बनी हुई है वहीं खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ है जिसके छग पहुंचने की संभावना है। उत्तर पश्चिम दिशा से मानसून आगे बढ़ते हुए उत्तर छग पहुंच रहा है।

कृषि विभाग के अनुसार इस समय अच्छी वर्षा होने के कारण कृषि कार्य में तेजी आ गई वहीं नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण यहां पर शिवनाथ तथा महानदी का जलस्तर बढ़ने से तटवर्तीय क्षेत्रों में खतरा बढ़ता जा रहा है आपदा प्रबंधन विभाग इस समय बाढ़ से निपटने के लिए गोताखोरों एवं बोट की व्यवस्था दुरुस्त कर रहा है। किसानों ने बताया कि रोपाई एवं बियासी के कार्य में तेजी आ जाएगी।

## नशे में धुत्त युवक-युवतियों का सड़क पर हंगामा



**जमकर मचाया उत्पात**

**कोरबा।** शहर में नशे में धुत्त युवक- युवतियों के बीच हंगामे का मामला सामने आया है। यहां के पॉम मॉल स्थित ओएनसी बार में देर रात नशेड़ियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान लड़के-लड़कियों के बीच जमकर मारपीट भी हुई। साथ ही झगड़े के बीच लड़कियां पुलिस से भिड़ती और पुलिस के सामने ही लड़कियां भद्दी- भद्दी गालियां देती हुई दिखी। मिली जानकारी के अनुसार, कोरबा के कुछ बार में देर रात तक शराब परोसी जाती है, इसी के चलते आए दिन शहर में इस तरह के विवाद सरेआम होता है। कुछ लोगों का कहना है कि, विवाद ही नहीं नशे में चूर लोग अश्लीलता की हदों को पार करते हुए भी दिखते हैं। वहीं देर रात हुए बवाल का पूरा विडियो भी सामने आया है। जिसमें नशे में धुत्त युवक-युवतियां एक दूसरे से बहस करते दिखाई दे रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26